हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित


वर्ष: 8, अंक: 191, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 10 जनवरी, 2024 दिन बुधवार गाजीपुर/वाराणसी

## दुनिया भर में भारत की भावना का प्रतीक हैं प्रवासी : पीएम मोदी

### हमारी समृद्ध विरासत को संरक्षित करने और वैश्विक संबंधों को मजबूत करने के प्रति उनका समर्पण सराहनीय

नई दिल्ली। इस साल के प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) पर 32 मिलियन से अधिक मजबूत भारतीय प्रवासियों की उपलब्धियों और योगदान का जश्न मनाते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पूरे विश्व में विश्व, एकता और विविधता की भारत की भावना को बढ़ावा देने व उसको मूर्त रूप देने के लिए उनकी सराहना की।

हर साल 9 जनवरी को मनाया जाने वाला यह दिन राष्ट्र के लिए प्रवासी भारतीय समुदाय के योगदान का सम्मान करता है, और 1915 में दक्षिण अफ्रीका से भारत में महात्मा गांधी की वापसी की याद भी दिलाता है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा,"प्रवासी भारतीय दिवस पर शुभकामनाएं। यह दुनिया भर में भारतीय प्रवासियों के योगदान और उपलब्धियों का जश्न मनाने का दिन है। हमारी समृद्ध विरासत को संरक्षित करने और वैश्विक संबंधों को मजबूत करने के प्रति उनका समर्पण सराहनीय है। वे दुनिया भर में एकता और विविधता की भारत की भावना का प्रतीक हैं। " इस बीच,



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि प्रवासी भारतीयों ने भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जयशंकर ने एक्स पर लिखा, "प्रवासी भारतीय दिवस पर, दुनिया भर में फैले भारतीय प्रवासियों को शुभकामनाएं। हमें आपकी उपलब्धियों पर बहुत गर्व है। आपका उत्कृष्ट योगदान भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।" अब तक, विदेश मंत्रालय ने 17 पीबीडी सम्मेलन आयोजित किए हैं, जो प्रवासी भारतीयों के साथ जुड़ने और प्रवासी भारतीयों को एक-दूसरे के साथ बातचीत करने में सक्षम बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं।

यह कार्यक्रम, जो 2015 से हर दो साल में मनाया जाता है, पहली बार 2003 में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा पेश किया गया था। कांग्रेस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "प्रवासी भारतीय दिवस पर, हम विदेशों में भारत के राजदूत होने के लिए अपने प्रवासी भारतीयों को धन्यवाद देते हैं और राष्ट्र में प्रवासी भारतीय समुदाय के योगदान का सम्मान करते हैं। " केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एक्स पर कहा,"प्रवासी भारतीय दिवस पर दुनिया भर में जीवंत भारतीय प्रवासियों को शुभकामनाएं।

हमारी समृद्ध संस्कृति और मूल्यों के राजदूत के रूप में, उन्होंने दुनिया भर में एक स्थायी प्रभाव डाला है। उनकी प्रतिभा और कड़ी मेहनत ने न केवल उन देशों को समृद्ध किया है जहां वे रहते हैं, बल्कि उन्हें समृद्ध भी बनाया है।" 17वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन 8-10 जनवरी, 2023 तक इंदौर में मध्य प्रदेश सरकार की साझेदारी में आयोजित किया गया था। इसका विषय था "प्रवासीः अमृत काल में भारत की प्रगति के लिए विश्वसनीय भागीदार"। पिछले साल लगभग 70 विभिन्न देशों के 3,500 से अधिक प्रवासी सदस्यों ने सम्मेलन के लिए पंजीकरण कराया था, जो कि कोविड-19 महामारी की शुरूआत के बाद चार साल के अंतराल के बाद मनाया गया था।

## भाजपा अल्पसंख्यकों के खिलाफ... पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक ही हमारे भगवान, अखिलेश यादव ने दिया बयान

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) ही भाजपा को हराएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा अल्पसंख्यकों के खिलाफ है। पीडीए ही हमारा भगवान है। अखिलेश यादव मंगलवार को लखनऊ में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए हमारा नारा है... 80 हराओ भाजपा भगाओ। हम भाजपा को यूपी में सभी 80 सीटों पर हराने पर काम कर रहे हैं। यूपी में हारते ही भाजपा केंद्र से गायब हो जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा विकसित भारत संकल्प यात्रा कर रही है पर क्या किसानों की आय दोगुनी हो चुकी है? बेरोजगारों को नौकरी मिल चुकी है क्या? ऐसा नहीं हुआ है। हमारा वादा है कि सपा के सहयोग से केंद्र में सरकार आएगी तो बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने पूछा कि यूपी में निवेश के लिए जो एमओयू हुए थे वो धरातल पर उतरे क्या? हम सबको मिलकर भाजपा को हटाना है। उत्तर प्रदेश में बिजली की समस्या दूर करना भी समाजवादी सरकार की देन है। समाजवादियों को खुशी होगी जब गरीब के बेटे को नौकरी मिलेगी।

## पीएम मोदी हर चीज को व्यक्तिगत तौर पर लेते हैं मालदीव विवाद में मल्लिकार्जुन खरगे का तंज

कलबुर्गी। लक्षद्वीप बनाम मालदीव को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा हैं। पीएम मोदी द्वारा लक्षद्वीप के दौरे की तस्वीरों ने सोशल मीडिया में हलचल मचा दी हैं। मालदीव के मंत्रियों द्वारा पीएम मोदी पर की गई अभद्र टिप्पणी के बाद से सोशल मीडिया में वॉर शुरू हो गया है। इसी बीच, मालदीव के साथ राजनयिक विवाद के मुद्दे पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि 2014 में सत्ता में आने के बाद से ही पीएम मोदी सब कुछ व्यक्तिगत रूप से ले रहे हैं।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पड़ोसी देशों के साथ मधुर रिश्ते होने चाहिए। हमें वक्त के मुताबिक काम करना होगा, क्योंकि हम अपने पड़ोसियों को नहीं बदल सकते हैं। पीएम मोदी पर कटाक्ष करते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि वो हर चीज को निजी तौर पर ले लेते हैं। दरअसल, मालदीव के साथ राजनयिक विवाद उस वक्त बढ़ा जब लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पीएम के पोस्ट पर मालदीव के मंत्रियों द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई थी। हालांकि विवाद के बढ़ने के बाद मालदीव के मंत्रियों ने सोशल मीडिया पर लिखे गए पोस्ट को हटा दिया था। मालदीव एसोसिएशन ऑफ टूरिज्य इंडस्ट्री



(MATI) ने मंत्रियों द्वारा की गई टिप्पणियों की निंदा की है। जिसमें कहा गया कि भारत हमारे सबसे करीबी पड़ोसियों और सहयोगियों में से एक हैं। हमारे पूरे इतिहास में कई संकटों में भारत ने तुरंत मदद दी हैं। भारत सरकार और वहां के नागरिकों ने हमारे साथ घनिष्ठ संबंध बनाए रखा है। साथ ही कहा कि भारत हमेशा से मालदीव के पर्यटन उद्योग में लगातार योगदान करता रहा है। गौरतलब है कि मालदीव के मंत्रियों द्वारा पीएम के लिए इस्तेमाल अभद्र भाषा के बाद से देशभर की बड़ी हस्तियां भी लक्षद्वीप टूरिज्म को लेकर आगे आने लगी हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए कई अभिनेताओं ने लक्षद्वीप के प्राकृतिक सौदर्य की सराहना की हैं।

## 'भाजपा के पास कोई पट्टा नहीं, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बन रहा राम मंदिर', कमलनाथ ने कसा तंज

छिंदवाड़ा। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ मंगलवार को छिंदवाड़ा पहुंचे। जहां उन्होंने एयर स्ट्रिप पर राम मंदिर निर्माण को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। कमलनाथ ने कहा कि अयोध्या में जो राम मंदिर बन रहा है, वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बन रहा है। भाजपा के पास राम मंदिर का कोई पट्टा नहीं है। कमलनाथ से जब पत्रकारों ने अयोध्या जाने का सवाल किया तो उन्होंने कहा कि वह 22 तारीख को नहीं बाद में अयोध्या जाएंगे। दरअसल, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ विधानसभा चुनाव के बाद पहली बार छिंदवाड़ा पहुंचे हैं। वहीं, उनके बेटे सांसद नकुलनाथ पहले से ही छिंदवाड़ा में ही मौजूद हैं। विधानसभा चुनाव में मिली जीत के बाद कमलनाथ पहली बार कार्यकर्ता और पदाधिकारियों से मुखातिब होंगे। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के गढ़ छिंदवाड़ा में कांग्रेस अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर निर्माण की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राम उत्सव मना रही है। जहां राम नाम पत्रकों का वितरण किया जा रहा है। वहीं, पूर्व सीएम कमलनाथ ने मंगलवार को यानी आज राम मंदिर को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। पूर्व सीएम कमलनाथ छिंदवाड़ा में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाएंगे। वहीं, पिछले चुनाव में मिली जीत और विभिन्न विधानसभाओं की परफॉर्मेंस को लेकर भी पदाधिकारियों से चर्चा की जाएगी।


## मालदीव से जारी विवाद के बीच सरकार का बड़ा फैसला, लक्षद्वीप में नया एयरपोर्ट बनाने की तैयारी

नई दिल्ली। मालदीव के साथ जारी विवाद के बीच एक अहम खबर सामने आई है। दरअसल भारत सरकार लक्षद्वीप के मिनिकॉय द्वीप पर नया एयरपोर्ट बनाने की योजना बना रही है। इस एयरपोर्ट के बनने से लक्षद्वीप में नागरिक विमानों के साथ ही सैन्य ट्रांसपोर्ट विमान और फाइटर जेट्स भी संचालित हो सकेंगे और यह एक संयुक्त एयरफील्ड होगा। सरकार ने पहले भी मिनिकॉय द्वीप पर नया एयरपोर्ट बनाने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन अब इस प्रस्ताव



पर्यटन बढ़ने की उम्मीद है। खास बात ये है कि नया एयरपोर्ट नागरिक उद्देश्य के साथ ही सैन्य उद्देश्य के लिए भी होगा और यहां से नागरिक विमानों के साथ ही सैन्य विमान भी संचालित हो सकेंगे। सरकार से जुड़े सूत्रों ने बताया कि नए एयरपोर्ट पर में बदलाव कर इसे संयुक्त एयरफील्ड के रूप में विकसित करने की तैयारी है। सैन्य दृष्टि से नए एयरपोर्ट के बनने से भारत को अरब सागर और हिंद महासागर में निगरानी करने में रणनीतिक रूप से काफी मदद मिलेगी। भारतीय तटरक्षक बल ने पहले सरकार को मिनिकॉय द्वीप पर हवाई पट्टी बनाने का सुझाव दिया था, लेकिन अब ताजा प्रस्ताव में भारतीय वायुसेना को यहां प्रमुख तौर पर संचालन दिया जाएगा। मिनिकॉय में एयरपोर्ट बनने से लक्षद्वीप में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। अभी लक्षद्वीप के अगात्ती द्वीप पर हवाई पट्टी मौजूद है, लेकिन उस पट्टी पर सभी तरह के विमानों का संचालन नहीं हो सकता। हाल ही में पीएम मोदी के लक्षद्वीप दौरे के बाद से भी यह केंद्र शासित प्रदेश चर्चा में छाया हुआ है। सोशल मीडिया पर पीएम मोदी की तस्वीरें देखकर लोग लक्षद्वीप की तुलना मालदीव से कर रहे हैं। इसे लेकर विवाद भी हो गया क्योंकि मालदीव के कुछ नेताओं ने पीएम मोदी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिस पर भारत सरकार ने कड़ी आपत्ति जताई है। विवाद के बाद मालदीव सरकार ने भी पीएम मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले मंत्रियों को पद से हटा दिया है।

## अयोध्या पहुंचे सीएम योगी, गर्भ गृह में की रामलला की आरती; प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारियों का ले रहे हैं जायजा




अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को अयोध्या पहुंच गए हैं। 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियों की समीक्षा करने सीएम आज यहां पहुंचे हैं। अब कार्यक्रम में बस चंद दिन ही बचे हैं, इसको देखते हुए सीएम योगी का दौरा काफी खास हो गया है। अयोध्या पहुंचते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले अयोध्या के हनुमानगढ़ी मंदिर में पूजा-अर्चना की। यहां आरती करते और आशीर्वाद लेकर ये राम मंदिर की ओर चल पड़े। सीएम योगी ने राम मंदिर में भी रामलला की आरती की। तैयारियों का जायजा लेने से पहले सीएम योगी ने सबसे पहले राम मंदिर के 'गर्भगृह' में पूजा की। रामलला की आरती करके सीएम योगी ने आशीर्वाद लिया। सीएम योगी अमानीगंज जलकल परिसर, पुलिस कंट्रोल रूम, लता मंगेशकर चौक, नगर निगम की ओर से निमार्णाधीन टेंट सिटी आदि के निरीक्षण करने के बाद वह आयुक्त कार्यालय में दोपहर दो बजे से विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के पदाधिकारियों के साथ फिर उसके बाद संतों के साथ बैठक करेंगे। दोनों बैठकों के बाद एयरपोर्ट से सायं उनका वायुयान लखनऊ के लिए उड़ेगा।

## ईडी ने पहली चार्जशीट दाखिल की, बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी और सांसद मीसा भारती का नाम

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रेलवे की नौकरियों के बदले जमीन से जुड़े धनशोधन मामले में मंगलवार को अपना पहला आरोपपत्र दायर किया जिसमें बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी सांसद बेटी मीसा भारती का नाम है। एजेंसी के अनुसार अभियोजन शिकायत (आरोपपत्र) में राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के परिवार के कथित 'करीबी सहयोगी' अमित कत्याल, कुछ अन्य व्यक्तियों और कंपनियों के नाम भी शामिल हैं।

सूत्रों ने बताया कि दिल्ली में धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत के समक्ष आरोपपत्र दायर किया गया और अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए 16 जनवरी की तारीख तय की है। ईडी ने कत्याल को पिछले साल नवंबर में इस मामले में गिरफ्तार किया था, जबकि लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे और बिहार के



उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को एजेंसी ने तलब किया था, लेकिन वे अभी तक पेश नहीं हुए हैं। यह कथित घोटाला उस समय का है जब प्रसाद संप्रग-1 सरकार में रेल मंत्री थे।

आरोप है कि 2004 से 2009 तक भारतीय रेलवे के विभिन्न जोनों में ग्रुप 'डी' के पदों पर कई लोगों को नियुक्त किया गया और बदले में इन लोगों ने अपनी जमीन तत्कालीन रेल मंत्री प्रसाद के परिवार के सदस्यों और एके इन्फोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड नाम की एक कंपनी को हस्तांतरित कर दी थी। पीएमएलए की आपराधिक धाराओं के तहत दर्ज धनशोधन का मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज शिकायत से उपजा है। सीबीआई इस मामले में पहले भी आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है।

## 'कोर्ट के निर्देश पर बन रहा राम मंदिर', ममता बनर्जी बोलीं- जब तक जिंदा हूं, समाज में बंटवारा नहीं होने दूंगी

नई दिल्ली। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह होना है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य रूप से उपस्थित हो रहे हैं। हालांकि, इसको लेकर राजनीति भी जबरदस्त तरीके से हो रही है। इन सबके बीच पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि लोकसभा चुनाव से पहले राम मंदिर के उद्घाटन के जरिए भाजपा नौटंकी कर रही है। जयनगर में कार्यक्रम में ममता बनर्जी ने कहा, मैं धार्मिक आधार पर जनता को बांटने में विश्वास नहीं करती। ममता ने साफ तौर पर कहा कि जब तक जिंदा हूं, समाज में बंटवारा नहीं होने दूंगी। उन्होंने कहा कि मैं उन उत्सवों में विश्वास करती हूं जो सभी समुदायों के लोगों को साथ लेकर चलते हैं और एकता की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा इसे (राम मंदिर उद्घाटन) अदालत के निर्देश के तहत कर रही है, लेकिन लोकसभा चुनाव से पहले इसे नौटंकी के तौर पर कर रही है। उन्होंने दावा किया कि हम भाजपा के सामने आत्मसमर्पण नहीं करेंगे। ममता ने साफ तौर पर कहा कि मैं लोगों को धार्मिक आधार पर बांटने में विश्वास नहीं रखती। उन्होंने सीधे तौर पर पार्टी नेता शेख शाहजहां



के मामले का जिक्र किए बिना कहा कि कुछ लोग कह रहे हैं कि मैं माफिया का नेता हूं। लोग मेरे नेता हैं, मैं उनके लिए एक कार्यकर्ता हूं। शेख शाहजहां पर राशन वितरण का आरोप लगा है जिनके समर्थकों ने पिछले शुक्रवार को तलाशी लेने की कोशिश के बाद प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हमला किया था।

## विधानसभा के बाद अब लोकसभा चुनावों पर भाजपा की नजर, देशभर में महिलाओं को जोड़ने का अभियान तेज

नई दिल्ली। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महिलाओं को जोड़ने का अभियान तेज कर दिया है। भाजपा महिला मोर्चा ने मंगलवार को इस मुद्दे को लेकर मुख्यालय में एक बैठक की। इसमें भाजपा महामंत्री तरुण चुग, केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर और राष्ट्रीय सचिव विजया राहतकर शामिल हुए। गौरतलब है, हाल के विधानसभा चुनावों में पार्टी को महिलाओं का अच्छा-खासा समर्थन मिला था। खासतौर पर मध्य प्रदेश में महिलाओं ने जिस तरह से बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया, उसके नतीजे भी देखने को मिले। यही वजह है कि अब पार्टी लोकसभा चुनाव में देश भर में महिलाओं को जोड़ने के अभियान पर विस्तारपूर्वक रणनीति बनानी शुरू कर दी है। भाजपा महिला मोर्चा को देशभर में सेल्फ हेल्प ग्रुप के साथ संपर्क करने और अलग-अलग योजनाओं के जरिए नए सदस्यों को जोड़ने का काम दिया गया है। बैठक में महिलाओं के स्व-सहायता समूहों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और कार्यक्रमों से अवगत कराने की रणनीति बनाई जा रही है। इसके बाद भाजपा महिला मोर्चा के एक बड़े



कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। इससे पहले, पार्टी सूत्रों ने शनिवार को बताया था कि छह जनवरी को भाजपा ने अपने सभी पार्टी मोर्चों की बैठक की थी और हाल में किए गए कार्यों की समीक्षा की। भाजपा महासचिव बीएल संतोष की अध्यक्षता में बैठक हुई थी। इस दौरान, वरिष्ठ नेतृत्व ने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि जनता तक पहुंचने का प्रयास किया जाएं। बैठक में सभी भाजपा मोर्चा के अध्यक्ष, मोर्चा प्रभारी, वरिष्ठ पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। सूत्रों ने बताया था कि संगठन को पहले से अधिक मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। इसके अलावा बैठक में सभी मोर्चों के राष्ट्रीय अध्यक्षों को निर्देश दिया गया था कि वे ज्यादा से ज्यादा सम्मेलन करें और अपनी जाति के लोगों से ज्यादा से ज्यादा संपर्क बनाएं। वहीं, गांवों का दौरा करने, सम्मेलन आयोजित करने, लाभार्थियों से संपर्क करने, सामुदायिक बैठकें आयोजित करने आदि पर चर्चा की गई थी।

## बिलकिस बानो पर फिल्म बनाना चाहती हैं कंगना, बोलीं- कोई ओटीटी साथ काम करने को तैयार नहीं

नई दिल्ली। कंगना रणौत की फिल्म 'इमरजेंसी' रिलीज को तैयार है। इस फिल्म में उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार को निभाया है, जिन्हें 'आयरन लेडी' भी कहा जाता है। खुद कंगना भी अपने निडर अंदाज और बेबाक बयानों के लिए मशहूर हैं। अपने सोशल मीडिया हैंडल से कंगना अक्सर अपनी बातों को अपने चाहने वालों के सामने रखती आईं हैं, लेकिन पिछले दिनों उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल से कुछ ऐसे खुलासे किए हैं, जिन्हें जानकर हर कोई हैरान हैं। कंगना अक्सर अपने सोशल मीडिया हैंडल से अपने फॉलोवर्स के सवालों का जवाब देती रहती हैं। वे फॉलोवर्स की बातों का काफी ध्यान रखती हैं। अभी हाल में ही में 'एक्स' सोशल मीडिया साइट पर एक यूजर ने कंगना से पूछा, 'डियर कंगना आप हमेशा महिला अधिकारों के बारे में बातें करती हैं। महिलाओं को उनका हक मिले इसके प्रति आपके जज्बे को सलाम है। मैं आपसे यह पूछना चाहता हूं, क्या आप 'बिलकिस बानो' के ऊपर कोई फिल्म बनाना चाहेंगी? फेमनिज्म के लिए नहीं, एक औरत होने के नाते क्या आप उनकी कहानी को दुनिया के सामने लाना चाहेंगी?' कंगना ने ट्वीट के जवाब में लिखा, 'मैं 'बिलकिस बानो' पर फिल्म बनाना चाहती हूं



और पिछले तीन साल से काफी रिसर्च भी किया है उस स्क्रिप्ट पर।' कंगना 'बिलकिस बानो' पर फिल्म बनाने को तैयार हैं, लेकिन कोई भी ओटीटी प्लेटफॉर्म उनके इस प्रोजेक्ट में उनके साथ काम नहीं करना चाहता है। खुद अभिनेत्री ने इसका खुलासा अपने सोशल मीडिया हैंडल से करते हुए कहा, 'मैंने 'नेटफ्लिक्स' और 'अमेजन प्राइम' के अलावा 'जियो सिनेमा' को भी स्क्रिप्ट दिखाई थी।

## संपादकीय

### दुर्भावना के बोल

यूं तो मालदीव में मोहम्मद मुइज्जू के राष्ट्रपति बनने के बाद से भारत व इस छोटे द्वीपीय देश मालदीव के संबंध पटरी से उतरते नजर आ रहे थे, लेकिन प्रधानमंत्री के लक्षद्वीप दौरे के बाद उसके कुछ मंत्रियों के आपत्तिजनक बयानों ने आग में घी का काम किया। हालांकि भारत में जनमानस की तल्ख प्रतिक्रिया और भारत सरकार के कड़े रवैये के बाद मुइज्जू सरकार बैकफुट पर नजर आई है। लीपापोती की कवायद में जुटी मालदीव सरकार ने मंत्रियों के बयान से खुद को अलग करते हुए तीन मंत्रियों को निलंबित कर दिया है। लेकिन दशकों पुराने सौहार्द के संबंधों में वो गांठ पड़ गई है, जिसे जल्दी सुलझाना कठिन है। यह घटनाक्रम वैश्विक स्तर पर भी अभूतपूर्व है। ऐसा पहले नहीं सुना गया कि एक देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ दिये गए आपत्तिजनक बयान के बाद किसी देश ने अपने तीन मंत्रियों को निलंबित किया हो। इस घटनाक्रम का एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि राष्ट्रीय अस्मिता व गौरव के पक्ष में देश के आम लोग उठ खड़े हुए। प्रधानमंत्री पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद चार हजार भारतीयों ने मालदीव के होटलों की बुकिंग रद्द कराई और तीन हजार हवाई टिकटें कैंसिल की गई। निश्चित रूप से पर्यटन अर्थव्यवस्था वाले छोटे द्वीपीय देश मालदीव के लिये एक बड़ा झटका है। उल्लेखनीय है कि हर साल औसतन करीब दो लाख लोग घूमने मालदीव जाते हैं। जो मालदीव की आय का बड़ा जरिया है। बहरहाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया लक्षद्वीप यात्रा के बाद मालदीव सरकार की मंत्री मरियम शिउना और दूसरे नेताओं की आपत्तिजनक टिप्पणियों के बाद भारत में लोगों का पारा चढ़ा हुआ है और सोशल मीडिया पर बायकॉट मालदीव की मुहिम चल रही है। यहां तक कि बड़े बॉलीवुड सितारे व नामचीन क्रिकेटर भी इस मुहिम में प्रतिक्रिया देते नजर आए। साथ ही भारत में खूबसूरत लोकेशन वाले द्वीपों की वकालत की जा रही है। दरअसल, मुस्लिम बहुल मालदीव के नये राष्ट्रपति मुइज्ज़ू राष्ट्रपति बनने के बाद लगातार भारत के खिलाफ बयानबाजी करते रहे हैं। उन्होंने अपने चुनाव अभियान में इंडिया आउट की मुहिम चलाई और वहां मदद के लिये तैनात भारतीय सैनिकों को वापस भेजने के लिये अभियान चलाया। कुछ समझौते रद्द किये। राष्ट्रपति बनने के बाद वे सबसे पहले इस्लामिक देशों के ध्रुवीकरण में जुटे तुर्किये की यात्रा पर गये। उन्हें भारत विरोधी व चीन समर्थक माना जाता है। फिलहाल वे चीन की यात्रा पर हैं। ऐसे में खराब होते दोनों देशों के संबंधों को इन बयानों ने गंभीर स्थिति में पहुंचा दिया। हालांकि, इस घटनाक्रम के बाद मालदीव में राजनीतिक पारा चढ़ा हुआ है और विपक्षी नेता मालदीव सरकार से भारत के लोगों से माफी मांगने की बात कर रहे हैं। विपक्षी नेता मंत्रियों की टिप्पणियों को शर्मनाक व नस्लभेदी बता रहे हैं। वे कह रहे हैं कि ये मालदीव के लोगों की राय नहीं है। वे यहां तक कह रहे हैं कि हम जानते हैं कि किस सीमा तक भारत पर निर्भर रहे हैं और हर संकट में भारत ने मालदीव की मदद की है। दरअसल, विपक्षी नेता मौजूदा मालदीव सरकार को आईना दिखा रहे हैं कि मालदीव आर्थिक, स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यापार, पर्यटन व सामाजिक स्तर पर सदैव भारत पर आश्रित रहा है। यहां तक कि भारत ने कई बार मालदीव में लोकतंत्र की रक्षा की है। भारत के पक्ष में बयान देने वाले नेताओं में मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह, पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद, पूर्व विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद आदि शामिल रहे हैं। यहां तक कि मुइज्ज़ू के इंडिया आउट के नारे के विपरीत पूर्व राष्ट्रपति सोनिह ने इंडिया फर्स्ट की नीति क्रियान्वित की थी। दरअसल, हालिया लक्षद्वीप यात्रा में प्रधानमंत्री ने स्नॉर्कलिंग करते हुए फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की थी कि रोमांच पसंद लोग पर्यटन के लिए देश में लक्षद्वीप आएं। जिसके बाद लाखों लोगों ने लक्षद्वीप को गूगल पर सर्च किया। जिसे मालदीव के नेताओं ने उनके पर्यटन के लिये चुनौती माना। अपरिपक्व राजनेताओं ने आनन-फानन बेतुके बोल सोशल मीडिया पर शेयर करने शुरू कर दिये।

### बांग्लादेश में शेख हसीना को राजनीतिक, आर्थिक से लेकर जनहित के मोर्चों पर काम करने की जरूरत

बांग्लादेश में हुए ताजा चुनावों के दौरान कम मतदाताओं और विपक्षी दलों की लगभग अनुपस्थिति को देखते हुए नतीजे बिल्कुल आकलन और उम्मीद के मुताबिक आए। इसमें अवामी लीग पार्टी को भारी जीत मिली और एक बार फिर शेख हसीना के नेतृत्व में बांग्लादेश में नई सरकार का गठन होना तय है। यानी कहा जा सकता है कि चुनावों से पहले ही उपजी अलग-अलग परिस्थितियों के बीच शेख हसीना और उनकी पार्टी के लिए एक तरह से अनुकूल स्थिति थी और उनके सामने राजनीतिक चुनौती न के बराबर थी। मगर अब देखने की बात होगी कि खाली मैदान में हासिल चुनावी जीत के बाद बनने वाली सरकार और शासन-तंत्र में लोकतंत्र कितना सुरक्षित रह पाएगा। गौरतलब है कि रविवार को हुए चुनावों में शुरू में बहुत कम यानी 27.15 फीसद मतदान हुआ, मगर बाद में यह आंकड़ा चालीस फीसद तक पहुंच गया, जिस पर सवाल भी उठे। इसके बावजूद कहा जा सकता है कि वहां विपक्षी दलों के चुनावी बहिष्कार के आह्वान का खासा प्रभाव पड़ा। यह बेवजह नहीं है कि चुनाव के मैदान में लगभग एकतरफा लड़ाई और जीत के बाद सबसे ज्यादा इस बात को लेकर चिंता जताई जा रही है कि वहां लोकतंत्र का भविष्य क्या रहेगा। दरअसल, पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के साथ-साथ पंद्रह अन्य राजनीतिक दलों ने चुनाव का बहिष्कार किया था। इस बीच चुनावों से पहले ही शेख हसीना सरकार ने बड़ी संख्या में कई प्रतिद्वंद्वी नेताओं और उनके समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया था, जिसकी तीखी निंदा हुई थी। ऐसी स्थिति में हुए चुनावों में अगर अवामी लीग पार्टी को तीन सौ सीटों वाली संसद में दो सौ तेईस सीटें मिलीं, तो इसे अनुकूल बिसात पर मिली जीत कहा जा सकता है। नतीजों के बाद संसद में मुख्य विपक्षी दल जातीय पार्टी को ग्यारह और बांग्लादेश कल्याण पार्टी को एक सीट पर जीत मिली, जबकि बासठ निर्दलीय उम्मीदवारों को विजय मिली। नई संसद में अब सत्ताधारी दल को संख्या के मुताबिक जो हैसियत मिलेगी, उसमें संसद में होने वाली बहसों से लेकर नीतिगत निर्णयों के मामले में विपक्ष की आवाज को कितनी जगह मिलेगी, यह समझना मुश्किल नहीं है। इस लिहाज से, बांग्लादेश में अगर इस बात की आशंका जताई जा रही है कि अवामी लीग की जीत के बाद वहां एक पार्टी के शासन वाली व्यवस्था स्थापित हो सकती है, तो यह बेवजह नहीं है। यों किसी भी शासन में अगर विपक्ष और उसके नेताओं के सवालों के लिए जगह सिमटती है, तो इससे वहां लोकतंत्र का हनन होता है। हालांकि देश की आर्थिक स्थिति में सुधार के मामलों में शेख हसीना के हिस्से कुछ कामयाबियां जरूर दर्ज हैं। बीते एक दशक के दौरान आर्थिक मोर्चे पर सुधार की बदौलत बांग्लादेश में प्रतिव्यक्ति आय में करीब तीन गुना बढ़ोतरी हुई और काफी तादाद में लोग गरीबी से बाहर निकले। मगर फिलहाल महंगाई से लेकर कर्ज तक के मामले में देश की तस्वीर काफी बिगड़ी है। जाहिर है, अवामी लीग पार्टी और उसकी नेता शेख हसीना बांग्लादेश में लोकतंत्र को लेकर जताई जाने वाली आशंका को निराधार साबित करना चाहती हैं, तो उन्हें राजनीतिक-आर्थिक से लेकर जनहित के मोर्चों पर एक साथ काम करने होंगे। बांग्लादेश की सरकार को भारत का साथ मिलता रहा है, मगर इसका भविष्य शायद इस बात पर निर्भर करेगा कि वहां की सरकार देश में लोकतंत्र सुनिश्चित करने को लेकर कितनी गंभीर रहती है।

# शेख हसीना जैसे-तैसे करके बांग्लादेश चुनाव तो जीत गईं, मगर उनकी चुनौतियां अभी खत्म नहीं हुई हैं

**नीरज कुमार दुबे**

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने लगातार चौथी बार आम चुनाव में बड़ी जीत हासिल की है। हालांकि वहां का विपक्ष चुनावों की निष्पक्षता पर सवाल उठा रहा है और जिस तरह 40 प्रतिशत से भी कम मतदान हुआ उससे यह प्रदर्शित होता है कि ज्यादातर लोगों की चुनावों में रुचि नहीं थी। इसके अलावा मुख्य विपक्षी दल समेत कई प्रमुख पार्टियों ने चूंकि चुनाव का बहिष्कार किया था इसलिए शेख हसीना लगातार चौथी जीत हासिल करने में सफल रहीं। विपक्ष ने चुनाव परिणामों को खारिज करते हुए मांग की है कि देश में नये सिरे से स्वतंत्र और पारदर्शी चुनाव कराये जाने चाहिए। विपक्ष ने साथ ही प्रधानमंत्री पद से शेख हसीना के इस्तीफे की मांग भी की है लेकिन सत्तारुढ़ पार्टी ने विपक्ष की सभी मांगों को खारिज कर दिया है। वैसे भारत की दृष्टि से देखें तो शेख हसीना का सत्ता में लौटना अच्छा है क्योंकि वह भारत समर्थक हैं जबकि उनकी विपक्षी खालिदा जिया ने अपने कार्यकाल में चीन के साथ करीबी बढ़ा ली थी और उनकी नीतियों के चलते बांग्लादेश में कट्टरपंथी भी हावी हो गये थे। बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने चुनाव परिणामों के बाद ढाका में प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात कर देश की ओर से शुभकामनाएं भी दीं। देखा जाये तो शेख हसीना ने सत्ता में लौटकर नया इतिहास तो रच दिया है लेकिन अपने देश की अर्थव्यवस्था को सुधारने और लोगों को महंगाई से राहत दिलाने के लिए उन्हें कड़ी मेहनत करनी होगी।

जहां तक बांग्लादेश के चुनावी परिदृश्य की बात है तो हम आपको बता दें कि छिटपुट हिंसा और मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) तथा उसके सहयोगियों की ओर से चुनाव के बहिष्कार करने के कारण शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के लिए जीत का रास्ता आसान हो गया। शेख हसीना की पार्टी ने 300 सीट वाली संसद में 223 सीट हासिल कीं। एक उम्मीदवार के निधन के कारण 299 सीट पर चुनाव हुये थे। इस सीट पर मतदान बाद में होगा। संसद में मुख्य विपक्षी दल जातीय पार्टी को 11, बांग्लादेश कल्याण पार्टी को एक और स्वतंत्र उम्मीदवारों ने 62 सीट पर जीत दर्ज की है। जातीय समाजतांत्रिक दल और वर्कर्स पार्टी ऑफ बांग्लादेश ने एक-एक सीट जीती। हम आपको बता दें कि बांग्लादेश में जो 27 राजनीतिक दल चुनाव लड़ रहे थे, उनमें विपक्षी जातीय पार्टी भी शामिल है। बाकी सत्तारुढ़ अवामी लीग की अगुवाई वाले गठबंधन के सदस्य हैं जिसे विशेषज्ञों ने चुनावी गुट का घटक दल बताया है। देश के निर्वाचन आयोग के अनुसार 42,000 से अधिक मतदान केंद्रों पर मतदान हुआ। चुनाव में 27 राजनीतिक दलों के 1,500 से अधिक उम्मीदवार मैदान में थे और उनके अलावा 436 निर्दलीय उम्मीदवार भी थे। निर्वाचन आयोग के एक प्रवक्ता ने बताया था कि हिंसा की कुछ छिटपुट घटनाओं के अलावा, 300 में से 299 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान काफी हद तक शांतिपूर्ण रहा। भारत के तीन पर्यवेक्षकों समेत 100 से अधिक विदेशी पर्यवेक्षकों ने 12वें आम चुनाव की निगरानी की। ऐसी ही एक विदेशी पर्यवेक्षक शरमीन मुर्शीद ने बांग्लादेश चुनावों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्होंने पहली बार किसी पार्टी को अपने ही उम्मीदवारों के खिलाफ खड़ा होते देखा है। उन्होंने कहा कि पहली बार विरोधियों को सीटें दी गईं ताकि वे "सच्चा विपक्ष" बन जाएं। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि सब कुछ योजना के मुताबिक हुआ। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने वालों के लिए 20, 30 या 40 प्रतिशत मतदान कोई मायने नहीं रखता। वैसे इस जीत से अपने देश की राजनीति में शेख हसीना का कद काफी बढ़ गया है। उन्होंने अपनी पार्टी को तो बड़ी जीत दिलाई ही साथ ही अपनी सीट पर भी बड़े अंतर से चुनाव जीता है। 76 वर्षीय अवामी लीग पार्टी की प्रमुख शेख हसीना ने गोपालगंज-तृतीय सीट पर भारी मतों के अंतर से जीत हासिल की। संसद सदस्य के रूप में यह उनका आठवां कार्यकाल है। शेख हसीना 2009 से सत्ता पर काबिज हैं और एकतरफा चुनाव में लगातार चौथी बार जीत हासिल की है। अहम बात यह है कि 1991 में लोकतंत्र की बहाली के बाद से ऐसा दूसरी बार है जब सबसे कम मतदान हुआ। फरवरी 1996 के विवादास्पद चुनावों में 26.5 प्रतिशत मतदान हुआ था जो कि बांग्लादेश के इतिहास में सबसे कम है। रविवार के चुनाव में दोपहर तीन बजे तक 27.15 प्रतिशत मतदान हुआ था और शाम चार बजे मतदान प्रक्रिया समाप्त हो गई। निर्वाचन आयोग ने एक घंटे में 13 प्रतिशत की वृद्धि के साथ कुल मिलाकर लगभग 40 प्रतिशत मतदान का अनुमान जताया था।



इस जीत के साथ, शेख हसीना आजादी के बाद बांग्लादेश में सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाली प्रधानमंत्री बनने की ओर बढ़ रही हैं। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मतदान शुरू होने के तुरंत बाद ढाका सिटी कॉलेज मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला था। इस दौरान उनकी बेटी साइमा वाजिद भी उनके साथ थीं। उन्होंने आरोप लगाया था कि विपक्षी बीएनपी-जमात-ए-इस्लामी गठबंधन लोकतंत्र में यकीन नहीं रखता है।" हसीना ने एक सवाल के जवाब में पत्रकारों से कहा कि भारत, बांग्लादेश का भरोसेमंद मित्र है। उन्होंने कहा, हम बहुत सौभाग्यशाली हैं...भारत हमारा भरोसेमंद मित्र है। मुक्ति संग्राम (1971) के दौरान, 1975 के बाद उन्होंने न केवल हमारा समर्थन किया, जब हमने अपना पूरा परिवार- पिता, मां, भाई, हर कोई (सैन्य तख्तापलट में) खो दिया था और केवल हम दो (हसीना और उनकी छोटी बहन रिहाना) बचे थे...उन्होंने हमें शरण भी दी। इसलिए हम भारत के लोगों को शुभकामनाएं देते हैं। हम आपको याद दिला दें कि सैन्य अधिकारियों ने अगस्त 1975 में शेख मुजीबुर रहमान, उनकी पत्नी और उनके तीन बेटों की उनके घर में ही हत्या कर दी थी। उनकी बेटियां हसीना और रिहाना उस हमले में बच गयी थीं, क्योंकि वे विदेश में थीं। यह पूछने पर कि बीएनपी के बहिष्कार के कारण यह चुनाव कितना स्वीकार्य है, इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी जिम्मेदारी लोगों के प्रति है। उन्होंने कहा, मेरे लिए महत्वपूर्ण यह है कि लोग इस चुनाव को स्वीकार करते हैं या नहीं। इसलिए मैं उनकी (विदेशी मीडिया) स्वीकार्यता की परवाह नहीं करती हूं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आतंकवादी दल क्या कहता है या क्या नहीं कहता है। हसीना ने विपक्ष पर सरकार विरोधी प्रदर्शनों को भड़काने का आरोप लगाया है, जिसने अक्टूबर के अंत से ढाका को हिलाकर रख दिया है। विरोध प्रदर्शनों के दौरान कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई है। गत शुक्रवार को एक यात्री ट्रेन में आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई थी।

# भारत में भ्रष्टाचारियों के लिए शुरू से ही 'कामधेनु' रही है राजनीति

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

हाल के दिनों में तमाम ऐसी खबरें आई जब जांच एजेंसियों ने नेताओं के यहां छापेमारी कर करोड़ो की काली कमाई पकड़ी। बीते साल दिसंबर में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी को झारखण्ड के कारोबारी एवं राज्यसभा सांसद के यहां आयकर छापे में अरबों रुपये बरामद हुए। सोशल मीडिया पर सांसद की अकूत कमाई और नोटों के बंडल की तस्वीरें खूब वायरल हुईं। समाचार आये कि नोट गिनने वाली मशीनें नोट गिनते-गिनते थककर खराब हो गई। थैलों में नोट नहीं आए तो बोरों में भरा गया। कांग्रेस के जरिये सांसद बनने वाले धीरज साहू ने 2018 में राज्यसभा का सदस्य बनने के हलफनामे में अपनी संपत्ति 34 करोड़ के करीब बतायी थी। तो आखिर कैसे महज पांच साल में संपत्ति तीन सौ करोड़ पार कर गई? बहरहाल, यह घटना बताती है कि कैसे देश की राजनीति नेताओं की कमाई के लिये कामधेनु बन गई है।

राज्यसभा सांसद ने दो बार लोकसभा का चुनाव लड़ा और हार गया था। फिर राज्यसभा के जरिये संसद पहुंचने की तिकड़में कीं। जाहिर है, धनबल भी उसका एक जरिया रहा होगा। ऐसा भी नहीं है कि भारी मात्रा में नकदी बरामदगी की यह पहली घटना हो। बीते दिनों ही ईडी ने हरियाणाा में अवैध खनन और अन्य मामलों में करोड़ों की नगदी बरामद की। जिन नेताओं के यहां छापेमारी हुए उनमें इंडियन नेशनल लोकदल, कांग्रेस और भाजपा के नेता व उनके करीबी शामिल हैं।

ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि कोई कैसे इतनी अकूत संपत्ति जुटा लेता है। आर्थिक अपराधों पर नजर रखने वाली एजेंसियां क्यों तब खामोश थीं जब संसाधनों की लूट-खसोट जारी थी। सवाल यह भी कि कहीं ऐसे भ्रष्टाचार के मामलों का खुलासा चुनाव प्रक्रिया के आसपास राजनीतिक लाभ के लिये तो नहीं होता? सवाल यह भी है कि क्या सत्ता पक्ष अपने राजनीतिक विरोधियों को बदनाम करने के लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करता है? भ्रष्टाचार उतना ही पुराना है जितनी राजनीति। फर्क सिर्फ इतना हुआ है कि पहले दाल में नमक होता था और अब नमक में दाल। एक फर्क यह भी कि सामाजिक न्याय की राजनीति में उभार आने के बाद भ्रष्टाचार फूहड़ और बेशर्म भी हुआ। पुराने लोग बताते हैं कि पहली लोकसभा के समय जब फिरोज गांधी ने अपनी ही सरकार के खिलाफ मूंदड़ा केस उठाया तो जवाहर लाल की सरकार हिल गई थी।

हिन्दुस्तान का मानस भी भ्रष्टाचार के नाम पर खूब उद्वेलित होता है। खुद कितना ही भ्रष्ट हो पर अपने नेता को ईमानदार देखना इसकी चाहत रहती है। 1977 और 1989 में क्रमशः जेपी आंदोलन और फिर राजा विश्वनाथ प्रताप सिंह की बोफोर्सी दहाड़ के बल पर दिल्ली का निजाम इसीलिए पलटा खा गया कि मूल में भ्रष्टाचार था। पर इधर सामाजिक न्याय की राजनीति के उभार के बाद राजनेताओं का भ्रष्टाचार और ज्यादा फला-फूला। लालू यादव और शिबू सोरेन की सरकारें रहीं हो या फिर मुलायम और मायावती की या फिर हरियाणा में ओमप्रकाश चौटाला की। कोई सरकार भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों से बची नहीं। राजनीतिक इतिहास के पन्ने पलटें तो देश की आजादी के तुरंत बाद यानी 1948 में जीप घोटाला हुआ। जिन मेनन पर घोटाले के आरोप लगे थे उन्हें बाद में जवाहर लाल नेहरू ने अपनी कैबिनेट में मंत्री बनाया। जीप घोटाले के बाद 1951 में साइकिल आयात घोटाला सामने आया। इसके बाद 1956 में बीएचयू फंड घोटाला, 1958 में हरिदास मूंदड़ा मामला, 1960 में तेजा लोन स्कैम, 1963 में प्रताप सिंह कैरों स्कैम, 1965 में पटनायक कलिंग ट्यूब्स मामला, 1974 में मारुति घोटाला, 1976 में कुओ ऑयल डील, 1981 में अंतुले ट्रस्ट, 1987 में एचडीडब्ल्यू दलाली मामला सामने आया। ये वो मामले थे, जिनका खुलासा देश की आजादी के बाद सबसे पहले हुआ। इसके बाद हुआ बोफोर्स घोटाला। इसकी गूंज आज भी संसद से लेकर सड़क तक सुनाई देती है। इसमें देश की कई बड़ी दिग्गज हस्तियों का नाम आया था। 2010 में भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की थी। भव्य स्तर पर इसका आयोजन हुआ था। पूरी दुनिया से खिलाड़ी आए थे। आयोजन के एक साल बाद यानी 2011 में इस पर बड़ा दाग लगा। आरोप लगा कि इसमें करीब 70 हजार करोड़ का घोटाला हुआ है। इस मामले में मुख्य तौर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष सुरेश कलमाड़ी और उनके सहयोगियों के नाम शामिल रहे। ये बात 2010 की है। देश में इंटरनेट स्पीड को बढ़ाने के लिए मोबाइल नेटवर्क कंपनियों को 2जी स्पेक्ट्रम की नीलामी की गई। कहा जाता है कि इस पूरे मामले में देश के खजाने को 176 हजार करोड़ की हानि हुई। इस मामले के लिए पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और पूर्व संचार मंत्री ए. राजा को जिम्मेदार ठहराया गया। दिसंबर 2017 में सीबीआई कोर्ट ने इस मुकदमे के सभी आरोपियों को रिहा कर दिया।

राजनेता ही नहीं, कई नौकरशाहों के यहां से भारी मात्रा में नकदी व अचल संपत्ति के कागज बरामद होने की भी खबरें सुनी जाती रही हैं। ये घटनाएं बताती हैं कि जिन राजनेताओं व नौकरशाहों पर सामाजिक न्याय व गरीबों के कल्याण की जवाबदेही थी, वे कदाचार का सहारा लेकर अपना घर भरने में लग जाते हैं। इन घटनाक्रमों से यह समझना भी कठिन नहीं है कि कैसे हमारे जनप्रतिनिधि चुने जाने के कुछ समय बाद ही करोड़ों में खेलने लगते हैं। इससे यह भी प्रदर्शित होता है कि हमारे लोकतंत्र में धनबल व भ्रष्टाचार कितने गहरे तक अपनी पैठ बना चुका है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और तमिलनाडु में सत्तारुढ़ डीएमके के मंत्री भ्रष्टाचार में लिप्त पाए गए हैं। इनमें से कई जेल में हैं। दिल्ली का शराब घोटाला वर्तमान में सबसे चर्चित है। आप के दो बड़े नेता तिहाड़ की रोटियां खा रहे हैं। इसी मामले में जांच एजेंसी दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को बार-बार समन भेजकर पूछताछ के लिए बुला रही है, लेकिन वो ईडी के सामने पेश होने की बजाय राजनीतिक ड्रामेबाजी और प्रपंचों में मगन हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी भ्रष्टाचार के मामलों में ईडी सात समन भेज चुकी है। सोरेन भी ईडी के सामने पेश होने की हिम्मत जुटा नहीं पा रहे हैं। बीते दिसंबर में अदालत ने उत्तर प्रदेश की बसपा सरकार में शिक्षा मंत्री रहे राकेश धर त्रिपाठी को भ्रष्टाचार के मामले में तीन साल की सजा सुनाई। बीते 22 दिसंबर को मद्रास हाई कोर्ट ने भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति के मामले में डीएमके नेता और तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री को दोषी ठहराते हुए तीन साल की कैद और 50 लाख रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। 2014 में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार के गठन के बाद से भ्रष्टाचार खासकर राजनीतिक भ्रष्टाचार पर कड़ी कार्रवाई की गई। इससे पूर्व राजनीतिक भ्रष्टाचार पर सभी दलों की आपसी समझ और सहमति दिखाई देती थी। चुनावी मंच पर एक दूसरे को भ्रष्ट बताने की होड़ तो लगती थी, लेकिन चुनाव बाद भ्रष्टाचार पर कोई कार्रवाई नहीं होती थी। मोदी ने राजनीतिक दलों की इस समझ और मूक सहमति को तोड़ा है।

# जातीय जनगणना के आधार पर सबको मिले अधिकार : बाबू सिंह कुशवाहा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बहुजन समाज पार्टी के पूर्व मंत्री रहे बाबू सिंह कुशवाहा अपनी जन अधिकार पार्टी की यात्रा को लेकर गाजीपुर पहुंचे। जहां उन्होंने जगह-जगह विधानसभा क्षेत्रों में घूम कर जनसंपर्क किया देर शाम उन्होंने प्रेस वार्ता में पत्रकारों को संबोधित करते हुए अपनी यात्रा को संपूर्ण भागीदारी यात्रा बताते हुए जातीय जनगणना के आधार पर सबको अधिकार देने की मांग की। चुनाव लड़ने की बात पर उन्होंने कहा कि यूपी के अलावा उनकी तैयारी गाजीपुर की सीट के साथ बिहार और एमपी की कुछ सीटों पर तैयारी कर रहे हैं और चुनाव भी लड़ेंगे। वहीं उन्होंने इंडिया या एनडीए गठबंधन में जाने के सवाल के जवाब में हंसकर कहा कि हमारी पार्टी अभी छोटी है, हमें अभी कोई लिफ्ट नहीं दे रहा है। फिलहाल किसी से हमारी बात फाइनल स्टेज पर नहीं हुई है। ओवैसी से गठबंधन की बात पर उन्होंने कहा कि फिलहाल अभी कोई बात नहीं हुई है, पिछले चुनाव में हमारा गठबंधन हुआ था क्योंकि हमने जो गठबंधन तैयार किया था उसे समाजवादी पार्टी ने



तोड़कर कुछ लोगों को अपने साथ ले लिया, एक तरह से हमें धोखा दे दिए, सपा ने साथ नहीं लिया, भाजपा के साथ हम जाना नहीं चाहते थे। इसलिए जो मिला उसके साथ गए, फिलहाल ओवैसी साहब के साथ कोई बात नहीं हुई है। वहीं उन्होंने पिछले विधानसभा में जन अधिकार पार्टी के अधिकांश प्रत्याशियों की जमानत जब्त होने की बात को स्वीकार करते हुए कहा कि सपा तो सरकार बनाने जा रही थी, बसपा भी दावा कर रही थी, कांग्रेस नेशनल पार्टी ये दोनो तो एक एक सीट पर सिमट गई थी और हम लोग तो छोटी पार्टी थे। वहीं राम मंदिर के बुलावे के सवाल पर खुद को छोटा आदमी बताकर बाबू सिंह कुशवाहा ने कहा कि राम जी सबके हैं वे सबको आशीर्वाद देंगे तो हमने लोगों से कह रखा है कि आशीर्वाद में थोड़ी महंगाई कम करने, बेरोजगारों को रोजगार और बच्चों की शिक्षा का भी आशीर्वाद मांग लेना। बाबू सिंह कुशवाहा ने साफ किया कि बिना कांग्रेस पार्टी के कोई भी गठबंधन अधूरा है। वहीं स्वामी प्रसाद मौर्य के सनातन धर्म और राम पर की गई टिप्पणियों पर जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि सभी धर्मों का रास्ता एक ही दिशा में जाता है। और जो इस बात को जनता है वो कभी भी ऐसी बात नहीं करेगा।

## एम्बुलेंस ने बचाई जान, बार-बार आ रहा था चक्कर 108 में पहुंचा बीएचयू वाराणसी

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जब 102 और 108 एम्बुलेंस जब उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा शुरू किया गया था तब लोगों को यह उम्मीद नहीं थी किया आम लोगों के लिए काफी महत्वपूर्ण साबित होगा। लेकिन गाजीपुर में चलने वाली 108 एंबुलेंस लगातार अपने कार्यों को अंजाम दे रही है। ऐसा ही एक दिन पूर्व सोमवार को हुआ जब जिला अस्पताल से एक मरीज जिसे बार-बार झटका देकर चक्कर आ रहे थे उसे 108 एंबुलेंस के माध्यम से बीएचयू वाराणसी पहुंचाया गया। जहां पर उसका इलाज चल रहा है। 108 एंबुलेंस के प्रभारी दीपक राय ने बताया कि सोमवार को जिला पुरुष अस्पताल गोरा बाजार से 108 एंबुलेंस के लिए फोन आया था। इसके बाद पायलट शिवम पांडे और इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन शशि भूषण के द्वारा तत्काल जिला अस्पताल पहुंचकर महिला मरीज सीता पत्नी उपेंद्र उम्र 25 साल निवासी लालनपुर सदर ब्लॉक को 108 एंबुलेंस के माध्यम से इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन शशि भूषण की देखरेख में बीएचयू वाराणसी पहुंचाया गया। जहां पर उसका इलाज चल रहा है।

## जननी सुरक्षा योजना अंतर्गत संस्थागत प्रसव से मातृ व शिशु मृत्यु दर में आई कमी

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने में जननी सुरक्षा योजना बहुत ही अहम भूमिका निभा रही है। इससे मातृ एवम शिशु के मृत्यु दर में निश्चित रूप से कमी आई है। इस योजना से लाभार्थियों को सरकार द्वारा दी जाने वाली स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है। शहरी क्षेत्र की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ ले रही है। स्वास्थ्य विभाग वाराणसी मण्डल से प्राप्त जननी सुरक्षा योजना अंतर्गत पिछले तीन वर्षों के आंकड़ों के अनुसार देखे तो केस नम्बर एक काशी विद्यापीठ ब्लॉक के ग्राम टिकरी निवासी ज्योति (26) ने बताया कि आशा पूजा दीदी की मदद से वह एंबुलेंस के जरिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिसिरपुर पहुंची। वहाँ उन्होंने सामान्य प्रसव से तीसरे स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। जननी सुरक्षा योजना वार्ड में तैनात स्टाफ नर्स मंजु व समस्त स्टाफ ने पूरा ध्यान रखा। योजना के तहत 1400 रुपये भी खाते में आ चुके हैं। साथ ही पहले बच्चे पर उन्हें प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत तीन किस्तों में पाँच हजार रुपये भी प्राप्त हुये। पाँच माह का बच्चा अब पूरी तरह स्वस्थ है। ज्योति का परिवार हो चुका है। ऐसे में आशा दीदी ने स्थायी परिवार नियोजन साधन अपनाने की सलाह भी दी। केस नम्बर 2 ग्राम टिकरी की ही कृष्णा (28) ने बताया कि चार माह पहले उन्होंने सीएचसी मिसिरपुर में एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। स्वास्थ्य केंद्र तक आने जाने में आशा पूजा दीदी ने बहुत मदद की। उनका तीसरा बच्चा है और योजना के तहत 1400 रुपये भी खाते में पहुँच गए। साथ ही पहले बच्चे पर पीएमएमवीवाई योजना के तहत पाँच हजार रुपये भी मिल चुके हैं। सरकार की यह दोनों योजनाएँ बहुत ही अच्छी हैं। टिकरी में हरजन बस्ती की आशा कार्यकर्ता पूजा मौर्य बताती हैं कि वह वर्ष 2017 में आशा बनीं थीं। तब गाँव में घरेलू प्रसव का प्रचलन था।

# मनिहारी विकास खण्ड में लगा रोजगार मेला, 576 में 213 को मिला नियुक्ति पत्र

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजनान्तर्गत विकास खण्ड मनिहारी के प्रांगण में ब्लाक स्तरीय रोजगार मेला मंगलवार को सम्पन्न हुआ। मेला समारोह के मुख्य अतिथि पीजी कालेज मलिकपुरा के प्राचार्य प्रो0 दिवाकर सिंह, अध्यक्ष डा ए के राय, विशिष्ठ अतिथि खण्ड विकास अधिकारी मनिहारी अनुराग राय तथा अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर तथा माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ट्रेनिंग पार्टनर व संयोजक प्रकाश गुप्ता निदेशक हाईटेक कालेज आफ मैनेजमेंट एण्ड ई टेक्नोलॉजी द्वारा अध्यक्ष, मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया। रोजगार मेले में आये 12 नियोक्ता कंपनियों के द्वारा 576 प्रतिभागियों में से 213 प्रतिभागियों को विभिन्न पदों के लिए चयनित किया गया। इनमें से पासपोर्ट धारक



45 प्रतिभागियों का चयन विदेश में नौकरी के लिए किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में सरकार द्वारा संचालित कौशल विकास मिशन की चर्चा करते हुए छात्र छात्राओं से इसका लाभ लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वह ऐसे मेले का आयोजन अपने महाविद्यालय में भी करने को तत्पर रहेंगे और अपने वरिष्ठ सहयोगियों के सम्पर्क कर क्षेत्रीय जनों को रोजगार दिलाने की दिशा में सतत प्रयत्नशील रहेंगे। खण्ड विकास अधिकारी ने प्रतिभागियों से अपने कौशल के अनुसार अपने लक्ष्य को निर्धारित करने की सलाह दी। अन्य अतिथियों ने अपने सम्बोधन में कहा कि सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक रोजगार और सहयोग पहुंचाने के लिए विभिन्न लाभकारी योजनाओं को संचालित कर रही है।

उन्होंने पात्र लोगों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर समाज के आर्थिक विकास में सहयोग का आह्वान किया। खण्ड विकास अधिकारी अनुराग राय ने प्रतिभागियों से अपने कौशल के अनुसार अपने लक्ष्य को निर्धारित करने की सलाह दी। अन्य अतिथियों ने अपने सम्बोधन में कहा कि सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक रोजगार और सहयोग पहुंचाने के लिए विभिन्न लाभकारी योजनाओं को संचालित कर रही है। उन्होंने पात्र लोगों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर समाज के आर्थिक विकास में सहयोग का आह्वान किया। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा चयनित लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र देकर प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में कौशल विकास मिशन के डीपीएम दुर्गेश दूबे, उप सेवायोजन अधिकारी विवेकानंद सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील सिंह व राजेश सिंह, पत्रकार रमेश यादव, आदित्य कुमार सहित सिराजुद्दीन अंसारी, श्याम प्रकाश सिंह, संजय भारद्वाज, परवेज अंसारी, चन्द्र शेखर यादव, रामरतन चौहान, मुकेश कुमार,अमित यादव, सुरेश यादव,प्रतीक गुप्ता सहित काफी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## 46वीं सब जूनियर नेशनल कैरम चैंपियनशिप मार्च के अन्तिम सप्ताह में वाराणसी में

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। 46वीं सब जूनियर नेशनल कैरम चैंपियनशिप मार्च के अन्तिम सप्ताह 28 से 31 मार्च 2024 के बीच जीवनदीप शिक्षण संस्थान परिसर बड़ालालपुर, चांदमारी वाराणसी में होगी उत्तर प्रदेश कैरम एसोसिएशन के अध्यक्ष और आल इन्डिया कैरम फेडरेशन के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट बैजनाथ सिंह को आयोजन समिति के महासचिव के रूप में भेजे गये एलाटमेन्ट लेटर के माध्यम से उक्त जानकारी आल इन्डिया कैरम फेडरेशन की महासचिव भारती नारायण द्वारा दी गयी है। उत्तर प्रदेश कैरम एसोसिएशन के अध्यक्ष और इस चैंपियनशिप के आयोजन सचिव बैजनाथ सिंह ने बताया कि आयोजन समिति के अध्यक्ष और फेडरेशन के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट डॉक्टर अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में उनके सहयोग से उन्ही के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान जीवनदीप परिसर में 12वीं बार होने वाले इस नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन आल ईन्डिया कैरम फेडरेशन करेगा।

## प्रख्यात साहित्यकार पंडित हरिराम द्विवेदी (हरि भैया) को श्रद्धांजलि अर्पित की गई

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। देश के प्रख्यात साहित्यकार अनेक साहित्यिक पुरस्कारों से विभूषित ब्राह्मण शिरोमणि पं हरिराम द्विवेदी (हरि भैया ) के देहावसान का समाचार प्राप्त होते ही केंद्रीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित दिनेश तिवारी ,राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित ओंकार नाथ उपाध्याय, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित विवेक शंकर तिवारी एडवोकेट एवं युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राजेश त्रिपाठी ने उनके मोतीझील आवास पर जाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार को भरोसा दिलाया कि इस संकट की घड़ी में केंद्रीय ब्राह्मण महासभा परिवार आपके साथ खड़ा है ,द्विवेदी जी का साहित्य एवं समाज में योगदान चिरकाल तक अविस्मरणीय रहेगा।

## ग्राम प्रधान ने किया कंबल वितरण



प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। पाली विकास खंड के ग्राम बलुआ के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि महेंद्र यादव ने भीषण ठंड को देखते हुए जरूरत मंदों को कंबल वितरित किया। उन्हें तहसील प्रशासन द्वारा शासन द्वारा उपलब्ध कराए गया था। ठंडी हवाओं से गलन बढ़ा दिया है। जिससे जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। गरीब टपके के लोगों को ठंड से बचने के लिए परेशानी हो रही थी। कंबल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। ग्राम प्रधान ने लोगों से आह्वान किया कि समाज में सक्षम लोगों को आगे बढ़कर गरीब,असहाय लोगों की मदद करनी चाहिए। उन्हें जरूर के सामान मुहैया करानी चाहिए।

## अराजक तत्वों ने लगाई गुमटी में आग, एक लाख का नुकसान

पिंडरा। फूलपुर थाना क्षेत्र के पिंडराई गांव में शंकर नामक व्यक्ति के जनरल स्टोर्स की दुकान की गुमटी में सोमवार की रात्रि अराजक तत्वों ने आग लगा दिया जिससे सारा सामान जलकर राख हो गया । बताते है कि शंकर पहले अपने गुमटी से लगे छप्पर में ही सपत्नीक सोता था। किन्तु विगत तीन दिनों से उसकी पत्नी की तबियत खराब होने से घर सोने लगा था तभी सोमवार की रात्रि किसी अवांछनीय तत्वों ने उसकी गुमटी में आग लगा दिया जिससे छप्पर , गुमटी , विस्तर चौकी सहित लगभग 1 लाख का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित ने घटना की सूचना पीआरबी 112 व स्थानीय थाने पर दिया। मौके पर पहुँची पुलिस जांच कर लौट गई।

# पवांरा से मिले लावारिश शव का इंतजामिया कमेटी ने कराया अंतिम संस्कार

प्रखर जौनपुर। जौनपुर शहर स्थित हजरत भुंदरा शाह कब्रिस्तान पर लावारिस लाश इंतजामिया कमेटी के द्वारा एक शव जो पवांरा थाना द्वारा पोस्ट मार्टम के बाद प्राप्त हुआ था को सुपुर्दे खाक किया गया, उक्त शव के बारे मे पुलिस ने सूचना दी की 72 घंटा पहले हालत नाजुक हालत में मिला जिसकी पुलिस द्वारा सदर अस्पताल पहुंचाने से पहले ही मौत हो गई, अखबार और टीवी पर सूचना देने पर भी जब कोई भी वारिस नहीं आया तो पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव कमेटी को सौंप दिया गया। करोना काल से आज तक उक्त कमेटी सैकड़ों शव मुस्लिम समुदाय का दफन करवा चुकी है।उपाध्यक्ष रियाजुल हक ने बताया की अगर प्रशासन को कोई



भी लावारिस लाश मुस्लिम समुदाय की मिलती है तो उस शव को उक्त टीम पूरे मुस्लिम रीति रिवाज से दफनाने का कार्य करती है। पुलिस प्रशासन ने बताया की किसी भी लावारिश लाश को 72 घंटे पहचान के लिए रखने के बाद उसको अंतिम संस्कार के लिए कमेटी को सौंप दिया जाता है,उक्त मिट्टी की जनाजे की नमाज हाफिज माज हलीमी ने अदा कराई। मिट्टी में सद्दाम हुसैन, हाजी जियाउद्दीन, मुशर्रफ, रिजवान चचा, मास्टर मेराज, बख्तियार आलम, दानिश, इरशाद मंसूरी, सलमान शेख, मो राफे, गुलजार, शमीम, सेराज आसरा द होप संदीप कुमार सिंह सहित कांस्टेबल होम गार्ड गिरधारी आदि मौजूद रहे।

# काशी विद्यापीठ की नवीन कार्यकारिणी घोषित, शिवम तिवारी बने इकाई अध्यक्ष




प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। वाराणसी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की काशी विद्यापीठ कार्यकारिणी का गठन किया गया` शिवम तिवारी को काशी विद्यापीठ इकाई के इकाई अध्यक्ष एवं महिमा अग्रहरी को इकाई मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई यह कार्यकारिणी साल भर काशी विद्यापीठ में शैक्षिक एवं सामाजिक मुद्दों से सरोकार रख समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करेगी नवनिर्वाचित इकाई अध्यक्ष शिवम तिवारी बी.ए.एलएल.बी. पाठ्यक्रम के सातवें सेमेस्टर के छात्र हैं तथा इकाई मंत्री महिमा अग्रहरी इतिहास में परस्नातक की छात्रा हैं प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में मौजूद अभाविप काशी प्रांत के प्रांत सह-मंत्री नमन ने बताया कि नवीन कार्यकारिणी गठन का मतलब यह नहीं की कार्यों को विराम दे दिया जाता है इसका अर्थ होता है कि कार्य को आगे बढ़ाने के लिए लोगों को जिम्मेदारी दी जाती है इसके बाद वाराणसी विभाग के विभाग संगठन मंत्री राकेश ने कहा कि "परिषद् ही विश्व का एकमात्र ऐसा छात्र संगठन है, जहां 'पद' नहीं 'दायित्व' दिया जाता है। यहां जिम्मेदारी को 'अधिकार' के रूप में नहीं 'कर्तव्य' के रूप में निभाया जाता है।" चुनाव अधिकारी डॉ. मनोज ने काशी विद्यापीठ इकाई के इकाई अध्यक्ष एवं इकाई मंत्री के रूप में शिवम तिवारी एवं महिमा अग्रहरी की घोषणा की` नवनिर्वाचित इकाई अध्यक्ष शिवम तिवारी ने कहा कि आज की नवगठित कार्यकारिणी से कई अपेक्षाएं हैं साल भर कार्य कर प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारियों को निभाएंगे, ऐसी आशा है गत वर्षों में कार्यकताओं ने प्रभावी रूप से कार्य किया है,इस वर्ष ऐसी उम्मीद है कि उससे भी ज्यादा ऊर्जा और प्रभावी रूप से हम कार्य को आगे बढ़ाएंगे।

## रामदरबार संग नगर भृमण करते हुए निकली अक्षत कलश यात्रा

प्रखर केराकत जौनपुर। अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है। इसी को लेकर हिन्दू संगठनों के साथ भाजपा के पदाधिकारियों ने मंगलवार को अक्षत कलश यात्रा निकाली, रामदरबार की झांकी देखने के लिए लोग घरों से बाहर निकल पड़े। हर घर अक्षत महा अभियान के तहत नगर में पूजित अक्षत यात्रा निकाली गई। इसमें काफी संख्या में राम भक्त शामिल हुए। जिसमें भगवान श्रीराम के नारों से पूरा नगर राममय हो गया। पूजित अक्षत यात्रा शेखजादा मोहल्ले के कन्या पाठशाला से होते हुए सिपाह, पुराना चौराहा, नरहन, हाशमीनगर, मरी माता मंदिर, सरायबीरु स्टेशन रोड होते, पुनः नगर के मुख्य चौराहे से होते हुए सिहौली चौराहे पर यात्रा का समापन किया गया। राम दरबार की झांकी देख लोग मंत्रमुग्ध हो गये। इस मौके पर विश्व हिन्दू परिषद के प्रदेश मंत्री हरि नारायणन, जिला उपाध्यक्ष भाजपा बृजेश सिंह, पूर्व विधायक गुलाब चन्द सरोज, विश्व हिन्दू महासभा के जिला अध्यक्ष दिनेश मधुकर, जिला गौ रक्षा प्रमुख प्रेम चंद दुबे ,विश्व हिन्दू परिषद मण्डल अध्यक्ष बिश्णु गुप्ता , बजरंग दल संयोजक निखल, संजय सिंह, अजय सोनकर शास्त्री, हंसकुमार सोनकर, जितेश साहू, अजीत गुप्ता, पिंकू कमलापुरी, अतुल कुमार राठौर, अंबर गुप्ता आदि रहे।

## 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में प्रधानमंत्री द्वारा वाराणसी के दो ग्राम प्रधान को नई दिल्ली में किया गया आमंत्रित

### ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को दिया धन्यवाद

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। नई दिल्ली में 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस समारोह में प्रधानमंत्री के द्वारा उत्तर प्रदेश से 76 ग्राम प्रधानों को गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर नई दिल्ली बुलाया गया है, गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मिलित होने का आमंत्रण भेजा गया है यह जानकारी पंचायत विभाग वाराणसी से उपलब्ध करायी गई जिसमें वाराणसी जिला से दो ग्राम सभा चयनित किया गया है प्रधान राकेश कुमार सिंह पत्नी सरिता सिंह ग्राम प्रधान भीषमपुर ब्लॉक सेवापुरी, कैलाश यादव पत्नी विमला देवी ग्राम प्रधान रसूलपुर वाराणसी को प्रधानमंत्री के द्वारा वाराणसी जिला से दो ग्राम सभा के पति व उनके साथ पत्नी को आमंत्रित गया है` यह सूचना पाने के बाद ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने अपने जिले के समस्त प्रधान साथियों को अवगत



कराया और जिला प्रधान संगठन की तरफ से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को बहुत-बहुत धन्यवाद आभार।

# बघौली ब्लाक के सुरदहिया ( बखरिया ) गांव में मनरेगा योजना के द्वारा फर्जी मास्टररोल का खेल जारी

प्रखर संतकबीरनगर। केंद्र सरकार के द्वारा ग्रामीण मजदूरों के लिए चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं में से एक है मनरेगा योजना योजना। इस योजना के तहत ग्रामीण मजदूरों को 100 दिन का काम गांव में ही देना अनिवार्य हैं । मनरेगा योजना केंद्र

**मनरेगा के तहत गांव में हो रहे कार्य से पूरे के पूरे मजदूर होते है धरातल से गायब**

सरकार की बहुत ही बेहतरीन योजना थी जिससे ग्रामीणों को गांव छोड़कर बाहर न जाना पड़े की रोजी-रोटी गांव में ही चले ऐसी सरकार की सोच थी और इस सोच के तहत मनरेगा योजना का निर्माण कर उसे धरातल पर उतर गया। लेकिन जिम्मेदारों ने इस योजना को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। विकास भवन से ले कर विकास खंड कर्यालय तथा ग्राम प्रधान के मिली भगत से गांव में मनरेगा योजना के तहत भ्रष्टाचार अपनी चरम पर है। इस भ्रष्टाचार की चासनी में डुबकी लगाते हुए सरकारी धन के बंदरबाट को बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। जिसके जिम्मेदार जिले के विकास भवन में बैठे अधिकारी तथा विकासखंड के कार्यरत जिम्मेदार अधिकारीयो को मोदी सरकार के कानून का कोई भय नहीं हैं । बस हमे तो सरकारी धन का बंदरबाट करना हैं चाहे किसी की भी सरकार हो।

आपको बता दे की ऐसा ही एक भ्रष्टाचार का मामला संत कबीर नगर जिले के विकासखंड बघौली के सुरदहिया (बखरिया) गांव में देखने को मिला। मनरेगा योजना में फर्जी मास्टररोल और फर्जी भुगतान के मामले में बघौली ब्लॉक का ये सुरदहियां गांव किसी से अछूता नहीं है। सुरदहिया (बखरिया) गांव में एक सौ दो मजदूर ग्यारह प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं जिसमे आठ प्रोजेक्ट पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कार्य दिखाया गया हैं। तथा तीन प्रोजेक्ट पर गांव के विकास कार्य को दिखा गया हैं जो क्रमश इस प्रकार हैं

1-पहला प्रोजेक्ट हैं, सुरेंद्र के दुकान से परसा चौराहे तक पिच रोड के दोनो तरफ पटरी के दोनो तरफ मिट्टी कार्य।




2- दूसरा प्रोजेक्ट हैं केसारी पुल से अनवर अली के बाउंड्री तक पिच रोड पर दोनो तरफ मिट्टी कार्य।

3- तीसरा प्रोजेक्ट ,जामडीह संपर्क मार्ग से राम नयन के घर तक पिच रोड के दोनो तरफ पटरी पर मिट्टी कार्य। इस तरह से एक दिन की एक मनरेगा मजदूर की मजदूरी 230 रुपए हैं और मजदूरों की संख्या ये 102 है । एक दिन में 23460 रुपए का भ्रष्टाचार किया जा रहा हैं। तीनो प्रोजेक्ट पर जब मीडिया की टीम ने पड़ताल शुरू की तो किसी भी प्रोजेक्ट पर एक भी मजदूर काम करते नही दिखे ।

हम बात करते है महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना यानी की मनरेगा की जिसके तहत सरकार तमाम निचले स्तर के गरीब असहाय मजदूर को मनरेगा में 100 दिन का कार्य देने के लिए कटिबद्ध है। ग्राम प्रधान और सचिव के भ्रष्टाचार का अड्डा बनता जा रहा है जो केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना मनरेगा के नियमों को ताक कर रख कर खुद की खाऊं कमाऊ नीति से उसकी गाइडलाइन के विपरीत फर्जी मस्टरोल का सहारा लेकर फर्जी भुक्तान कराने में लगे है।जानकारों की माने तो मंगलवार को कड़ाके की ठंड थी और तापमान सुबह के समय से ही शरीर को गला देने वाली थी सभी अपने अपने घरों में दुबक कर बैठे थे । लेकिन गांव में प्रधान तथा ब्लॉक के जिम्मेदारों के द्वारा मनरेगा के मस्टरोल से भ्रष्टाचार का खेल खेला जा रहा हैं। ग्राम प्रधान और बघौली ब्लॉक के कर्मचारियों के साथ मिलीभगत कर लाखों का वायरा न्यारा किया जा रहा हैं

सुरदहिया (बखरिया) गांव में फर्जी तरीके से मस्टररोल चालू कर ब्लॉक अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर मनरेगा मजदूर को अदृश्य करके जॉब कार्डो में फर्जी हाजिरी लगा कर सरकारी धन का बंदरबाट कर रहे हैं। इस संदर्भ में मनरेगा सेल अधिकारी प्रभात कुमार द्विवेदी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामले की तत्काल जांच कर कर कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। अब तो देखने वाली बात होगी कि मनरेगा में फर्जी मास्टर रोल फजीर्वाड़ा करने वाले पर विभाग कब तक कार्रवाई करता है या फिर हर बार की तरह इस बार भी मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### 18 जनवरी 2024 को कलेक्ट्रेट सभागार में होगा जनपद स्तरीय किसान दिवस का आयोजन - सीडीओ



प्रखर संतकबीरनगर। मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार ने बताया है कि माह जनवरी-2024 के जनपद स्तरीय किसान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 18 जनवरी 2024 को कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर 12.00 बजे से किया जाएगा। उन्होंने सभी सम्बंधित अधिकारियों को अपने विभाग से सम्बंधित अद्यतन सूचनाओं के साथ किसान दिवस में स्वंय प्रतिभाग करने का निर्देश दिया है।

### ड्रोन कैमरे से गेंहु के फसल में हुआ छिड़काव



प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। पाली क्षेत्र के मिनवा गांव में सरकार द्वारा नई तकनीकी की सहायता से ड्रोन कैमरा से गेहूं की फसल का छिड़काव कराया गया। ग्राम प्रधान दिनेश जयसवाल के सहयोग से मिनवा गांव में 1 एकड़ गेहूं की फसल में सूर्य कंपनी का प्रचार प्रसार के लिए छिड़काव कराया गया।और उनके बारे किसानों को जानकारी भी बताया गया।कि इसकी अनुमानित लागत 4 लाख है लेकिन महिला समूह को इसे 2लाख में उपलब्ध कराया जाएगा। महिला समूह को 15हजार रुपया सैलरी देकर नौकरी के तौर पर भी रखा जाएग।और हर किसानों को भाड़े के रूप में किसानों के खेतों में डोन कैमरा से दवा का छिड़काव किया जाएगा।

### आम आदमी पार्टी उत्तरी विधानसभा द्वारा सड़क किनारे रहने वाले नागरिकों को कम्बल का वितरण



प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। आम आदमी पार्टी उत्तरी विधानसभा वाराणसी द्वारा अंधरापुल, कज्जाकपुरा,भैसासुर घाट व प्रहलाद घाट पर सड़क पर रहने वाले नागरिकों को किया गया कम्बल वितरण। कम्बल वितरण का नेतृत्व प्रो. अखिलेश पाण्डेय जिला महासचिव आम आदमी पार्टी वाराणसी, मुख्य सहयोग अरविंद यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तरी विधानसभा आप वाराणसी , आयोजक उत्तरी विधानसभा आम आदमी पार्टी वाराणसी ने किया। कंबल वितरण में मुकेश सिंह प्रदेश प्रवक्ता आप उत्तर प्रदेश, प्रो.अखिलेश पाण्डेय जिला महासचिव ,राहुल दिवेदी एडवोकेट जिला उपाध्यक्ष/प्रभारी उत्तरी विधान सभा,रोहित मौर्या सोशल मीडिया प्रभारी,संतोष गुप्ता जिला कार्यकारिणी सदस्य, पियूष श्रीवास्तव अध्यक्ष उत्तरी विधानसभा,अरविंद यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तरी विधानसभा, प्रो. श्रीकांत चौबे वरिष्ठ साथी उत्तरी विधानसभा अन्य गणमान्य साथियों ने सहयोग किया।

### सपा की मासिक समीक्षा बैठक 13 जनवरी शनिवार को की जाएगी



प्रखर संतकबीरनगर। समाजवादी पार्टी जिला इकाई की मासिक बैठक 13 जनवरी 2024, दिन-शनिवार को समय सुबह 10:00 बजे से जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पुरानी सब्जी मंडी खलीलाबाद जनपद संत कबीर नगर में जिला अध्यक्ष अब्दुल कलाम की अध्यक्षता में आहूतकी जाएगी। जिला संगठन के समस्त पदाधिकारी गण, पूर्व विधायक, विधानसभा क्षेत्रों के सभी प्रत्याशीगण, जिला पंचायत अध्यक्ष/पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य गण, विधानसभा अध्यक्ष गण, पूर्व ब्लाक प्रमुख गण, फ्रंटल एवं प्रकोष्ठों के सभी पदाधिकारी गण, नगर अध्यक्ष गण, नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अध्यक्ष/समस्त पदाधिकारी गण तथा समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता से अनुरोध है कि बैठक में समय से उपस्थित होने का कष्ट करें।

### गरीबों की सेवा हेतु सरकार प्रतिबद्ध : रवि किशन



प्रखर सहजनवा गोरखपुर। हरपुर में निराश्रित, असहायों को भीषण ठंड से बचने के उद्देश्य हेतु कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सदर सांसद रवि किशन शुक्ला ने गरीबों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरण किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा करीब असहाय निर्धन और विकलांग को ठंड से बचाव के लिए कंबल का वितरण किया जा रहा है। सांसद ने कहा की आने वाले समय में ठंड का प्रकोप और ज्यादा बढ़ाने की संभावना है। जिसके कारण प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम के तहत पहले से ही सुरक्षा के लिए गरीबों निसहाय लोगों को कंबल वितरण किया जा रहा है। प्रतिवर्ष सर्दी का मौसम आते ही जरूरतमंदों को शीतलहर से बचाव के लिए सरकार एक परंपरा के अनुरूप निशुल्क कंबल वितरण के कार्यक्रम करती है। सरकार की कोशिश है कि पात्र असहाय वर्ग के लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक प्रदीप शुक्ला,शुक्ला क्षेत्रीय मंत्री किसान मोर्चा रत्नेश पांडे, चेयरमैन महेश दुबे रहे।



## पिता डेविड धवन के साथ फिर से काम करेंगे वरुण

**मुंबई।** अभिनेता वरूण धवन अपने पिता डेविड धवन के साथ फिर से काम करते नजर आ सकते हैं। वरूण ने डेविड की फिल्म मैं तेरा हीरो, जुड़वा 2 और कुली नं 1 में साथ काम किया है। उनकी आने वाली फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी होने वाली है, जिसकी शूटिंग अगले साल अप्रैल से शुरू की जाएगी। डेविड पिछले कुछ महीनों से एक अच्छे आइडिया की तलाश में थे। अब फाइनली उन्हें एक आइडिया पसंद आ गया है, जिसकी कहानी के लिए वह बेटे वरुण धवन को कास्ट कर चुके हैं। इस फिल्म को रमेश तौरानी प्रोड्यूस करेंगे। यह फिल्म टिप्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनेगी। फिल्म की शूटिंग भारत और विदेश की कुछ चुनिंदा लोकेशन पर होगी।

लाइफ Style

## तनिष्का

### ब्रेकअप, इमोशनली बहुत कठिन था

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ब्रेकअप के दौरान वह इमोशनली काफी टूट गई थीं। बता दे कि इस फिल्म को उदय चोपड़ा के भाई आदित्य चोपड़ा ने बनाई थी। इसी फिल्म से उदय चोपड़ा और तनीषा की दोस्ती प्यार में बदलने लगी थी। हालांकि, रिश्ते में दो साल रहने के बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया।

बॉलीवुड की शानदार अभिनेत्री तनुजा की छोटी बेटी तनीषा मुखर्जी इन दिनों झलक दिखला जा में अपने डांस से सबको इंटरटेन कर रही हैं। अभिनेत्री अपने डांस के अलावा फिल्मों में अपनी एक्टिंग से लोगों को अपना दीवाना बनाया। अदाकारा ने फिल्म नील 'एन' निक्की से बॉलीवुड में डेब्यू किया। इस फिल्म में तनीषा के साथ उदय चोपड़ा ने भी काम किया है। इस फिल्म के दौरान उदय और तनीषा के रिश्ते बन गए। दोनों ने एक दूसरे को कई साल तक डेट किया उसके बाद दोनों अलग हो गए। अब तनीषा ने एक इंटरव्यू में कहा 'उदय और मैं 'दिलवाले दुल्हनिया ले जायेंगे' के टाइम पर मिले थे। उस दौरान हम दोस्त बन गए और हम हमेशा दोस्त थे और मुझे लगता है कि ऐसी ही फिल्म के दौरान हम नजदीक आ गए और फिर हमें प्यार हो गया। जब तनीषा से उनकी शादी की असली वजह पूछी गई तो उन्होंने बताया कि चीजें उनके हिसाब से काम नहीं कर रही थीं इसलिए उनका ब्रेकअप हो गया। हालांकि, ब्रेकअप के दौरान वह इमोशनली काफी टूट गई थीं। बता दें कि इस फिल्म को उदय चोपड़ा के भाई आदित्य चोपड़ा ने बनाई थी। इसी फिल्म से उदय चोपड़ा और तनीषा की दोस्ती प्यार में बदलने लगी थी। हालांकि, रिश्ते में दो साल रहने के बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया।



हॉलीवुड मसाला



## अभिनेत्री सिंडी नहीं रही

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री सिंडी मॉर्गन का निधन हो गया है। अभिनेत्री ने 69 वर्ष की आयु में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। फ्लोरिडा में पाम बीच काउंटी शेरिफ कार्यालय ने अभिनेत्री की मौत की पुष्टि करते हुए कहा कि सिंडी मॉर्गन की मृत्यु प्राकृतिक कारणों से हुई। मॉर्गन को 'कैडीशैक' में लेसी अंडरऑल के किरदार के लिए जाना जाता था, जहां उन्होंने चेवी चेज, बिल मरे और रॉडनी डेंजरफील्ड जैसे कलाकारों के साथ अभिनय किया था।




## 'अवतार 3' की आहट ने हिला डाला इंटरनेट...

**नई दिल्ली।** जेम्स कैमरून और जॉन लैंडौ ने ब्लॉकबस्टर 'अवतार' के एक नहीं बल्कि तीन सीक्वल की घोषणा करके 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' की सफलता को कैश करने का पूरा प्लान बना लिया है। सुपरहिट फैंचाइजी की तीसरी किस्त 'अवतार 3' (अस्थायी नाम) की शूटिंग पहले ही पूरी की जा चुकी है। अब इस फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का काम जारी है। वहीं अब जेम्स कैमरून ने फिल्म की रिलीज को लेकर जानकारी शेयर कर दी है। जेम्स कैमरून ने एक टीवी कार्यक्रम में बोलते हुए कहा, अभी हम पोस्ट-प्रोडक्शन के दो वर्षों में बहुत व्यस्त हैं, इसलिए यह फिल्म '2025 के क्रिसमस पर सिनेमाघरों में होगी।



## मेघना की फिल्म में नजर आएंगे सिद्धार्थ...


**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा निर्देशक मेघना गुलजार की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। सिद्धार्थ मल्होत्रा की वेबसीरीज इंडियन पुलिस फोर्स 19 जनवरी को रिलीज होगी। बताया जा रहा है कि सिद्धार्थ, मेघना गुलजार और मलयालम फिल्मों के निर्देशक जीतू जोसेफ की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। इन दोनों ही फिल्मों की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है, इनकी शूटिंग अगले साल शुरू करने की योजना है। मेघना गुलजार के निर्देशन में बनने वाली फिल्म एक भयावह सच्ची घटना पर आधारित है। वही जीतू जोसेफ के निर्देशन में बनने वाली फिल्म प्रवर्तन निदेशालय के एक बहादुर और तेज तर्रार अधिकारी के इर्द-गिर्द घूमती है। बता दें कि सिद्धार्थ मल्होत्रा और दिशा पाटनी की ये फिल्म अब 15 मार्च 2024 को रिलीज होगी।



## 'कैप्टन मिलर' में आए एक्शन मोड में

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार धनुष की मच अवेटेड फिल्म 'कैप्टन मिलर' का हर किसी को इंतजार है ऐसे में मेकर्स ने इसका दमदार ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। आपको बता दें कि यह फिल्म 12 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म में धनुष खतरनाक रोल में दिखाई दे रहे हैं। ट्रेलर में आप धनुष के खूंखार अवतार को देख सकेंगे। 'कैप्टन मिलर' फिल्म के ट्रेलर में धनुष का एक्शन हर किसी के दिमाग में छप गया है। अगर धनुष के लुक की बात करें तो वह लंबे बालों और बढ़ी हुई दाढ़ी में काफी हैंडसम लग रहे हैं। वहीं अगर फिल्म के ट्रेलर की बात करें तो 2.54 सेकंड के इस ट्रेलर में धनुष के काफी एक्शन सीन दिखाई देते हैं, वह अकेले ही अंग्रेजों के छक्के छुड़ाते दिख रहे हैं।

टीवी मसाला



## सिर्फ 16 साल में किया डेब्यू टीवी पर भी किया सालों राज


**नई दिल्ली।** छोटे पर्दे से लेकर बड़े पर्दे तक कई ऐसे एक्टर्स हैं जिनके एक किरदार ने ही उन्हें अभिनय की दुनिया में अमर कर दिया। आज एक ऐसी एक्ट्रेस के बारे में बताने जा रहे हैं जिनका नाम लेते ही आपके दिमाग में सबसे पहले उनके द्वारा सालों पहले अदा किया गया एक ऐसा किरदार आएगा जो आज भी आपके चेहरे पर मुस्कान बिखेर देगा। ये एक्ट्रेस और कोई नहीं बल्कि टीवी की सबसे प्यारी 'बा' यानी कि एक्ट्रेस सरिता जोशी हैं। साल 2005 में टेलीकास्ट होने वाले सीरियल 'बा बहू और बेबी' से एक्ट्रेस सरिता जोशी ने घर-घर में पहचान बनाई थी। सरिता जोशी सीरियल्स के अलावा कई फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। ये एक्ट्रेस आखिरी बार हाल ही में रिलीज हुई विक्रांत मेस्सी की सुपरहिट फिल्म '12 वीं फेल' में नजर आई थीं। फिल्म में उन्होंने विक्रांत की दादी का किरदार निभाया था। 'कन्यादान', 'नजर', 'सिंबा' एक्ट्रेस की बेहतरीन फिल्मों में शामिल हैं। एक्ट्रेस की दोनों बेटियां केतकी दवे और पूर्वी जोशी भी एक्ट्रेसेज हैं। सरिता जोशी को पहचान भले ही सीरियल 'बा बहू और बेबी' से मिली, लेकिन ये एक्ट्रेस सीरियल के टेलीकास्ट होने से सालों पहले से अभिनय की दुनिया में सक्रिय थीं। उन्होंने 'बा बहू और बेबी' से पहले कई सीरियल्स में काम किया था और वह गुजराती थिएटर का भी जाना-माना नाम रह चुकी हैं। केवल 16 साल की उम्र में सरिता जोशी ने पहली बार गुजराती थिएटर के ड्रामा में लीड रोल निभाया था। उसके बाद उन्होंने साल 1980 में सीरियल 'तितलियां' से छोटे पर्दे पर डेब्यू किया था। इस सीरियल का निर्देशन राज बब्बर की पत्नी नादिरा बब्बर ने किया था।

### समर्थ से झगड़ने के बाद अभिषेक घर से हुए बेघर



**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 17' के अभिषेक कुमार और समर्थ जुरेल के बीच जमकर लड़ाई हुई। अभिषेक कुमार ने उन्हें थप्पड़ मार दिया, जिसकी उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ी। बिग बॉस ने लड़ाई के बाद अंकिता से पूछा कि क्या शारीरिक झगड़ों के बावजूद अभिषेक को खेल में बने रहना चाहिए। अंकिता ने सनी आर्य के निष्कासन का हवाला देते हुए अभिषेक के खिलाफ नकारात्मक बात कही। वे इस बात पर सहमत थीं कि अभिषेक को शो छोड़ देना चाहिए। अन्य कंटेस्टेंट ने भी इसका समर्थन किया और कहा कि यह सही निर्णय है, क्योंकि अभिषेक कुमार ने शो में सबसे बड़े नियमों में से एक को तोड़ा है। अभिषेक पिछले कुछ दिनों में समर्थ के साथ अपने लगातार झगड़ों को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। उन्होंने समर्थ को शारीरिक रूप से चोट पहुंचाने की भी कोशिश की थी, हालांकि अभिषेक कुमार के फैंस उनका बचाव कर रहे हैं। कई नेटिजेंस का मानना है कि समर्थ ने उन्हें थप्पड़ मारने के लिए उकसाया था। वे इसे क्रिया की प्रतिक्रिया बता रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, समर्थ के साथ अभिषेक की न बनने की वजह बिल्कुल सीधी है।

## सबसे महंगे गीतकार बने जावेद, डंकी के गाने के लिए 25 लाख वसूले ...



**मुंबई।** शाहरुख खान की फिल्म डंकी बॉक्स ऑफिस पर धमाल-कमाल कर रही है। फिल्म की कहानी और उसके गाने लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। खास तौर से फिल्म का गाना 'निकले थे कभी हम घर से' लोगों की जुबान पर चढ़ा हुआ है। इस गाने को मशहूर गीतकार जावेद अख्तर ने लिखा है। इस हिट गाने को लिखने के लिए जावेद अख्तर ने जो मोटी फीस वसूली थी उससे वे बॉलीवुड के सबसे महंगे गीतकार बन गए। रिपोर्ट के मुताबिक शाहरुख खान की फिल्म डंकी का गाना 'निकले थे कभी हम घर से' लिखने के लिए जावेद अख्तर ने 25 लाख रुपए लिए थे। उन्होंने बताया कि यह एक गाना लिखने के लिए आज तक किसी भी गीतकार द्वारा ली जाने वाली रिकॉर्ड फीस है। हाल ही में एक स्टेज शो के दौरान जावेद अख्तर ने इस बात की पुष्टि भी की थी। शो के दौरान जावेद अख्तर ने बताया कि वह आम तौर पर फिल्म में केवल एक गाना नहीं लिखते, लेकिन राजू हिरानी ने उन्हें जोर देकर कहा कि वह केवल एक ट्रैक के लिए गीत लिखें। उन्होंने कहा कि 'ये गाना आपके अलावा कोई नहीं लिख सकता। मैंने फिर उनके सामने 25 लाख रुपए लेने की शर्त रखी। मुझे लगा कि वो शायद मेरी शर्त से हतोत्साहित हो जाएंगे, लेकिन उन्होंने मेरी शर्तों को बिना हिचकिचाहट के स्वीकार कर लिया।

## मनाली की निशा ठाकुर के सिर सजा विंटर क्वीन का ताज...



**मनाली/ कुल्लू।** मनाली में राष्ट्रीय विंटर कार्निवाल में करवाई विंटर क्वीन प्रतियोगिता में मनाली की ही निशा ठाकुर ने विंटर क्वीन का ताज पर कब्जा जमाया। वहीं फस्ट रनरअप का खिताब शिमला की कोहिनूर सरकेक ने जीता और सेकेंड रनरअप मनाली की भव्य पंडित रहीं। शरद सुंदरी का ताज जीतने वाली निशा ठाकुर को एक लाख का ईनाम दिया गया। मनाली में शून्य तापमान के बीच सुंदरियों ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया। हर युवती ने निर्णायकों के सवालों के जवाब बखूबी दिए। इससे पहले मनु रंगशाला में विंटर क्वीन प्रतिस्पर्धा की प्रतिभागियों ने टेलेंट राउंड में दमदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 27 युवतियों ने मंच पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी।

### गोल्डन ग्लोब विजेताओं का हुआ ऐलान

## गोल्डन ग्लोब 2024 में 'ओपेनहाइमर' का बोलबाला, क्रिस्टोफर बने सर्वश्रेष्ठ निर्देशक

*केलिफोर्निया। मनोरंजन की दुनिया में हर साल ऑस्कर से पहले गोल्डन ग्लोब पुरस्कार का इंतजार रहता है। इस पर दुनियाभर के दर्शकों की निगाहें होती हैं और हों भी क्यों न, यह फिल्म और टीवी की दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा पुरस्कार जो है। इस समारोह में नामांकन पाने वालों के नाम सामने आने के बाद से इसे लेकर दर्शकों का उत्साह चरम पर था। अब आखिरकार गोल्डन ग्लोब पुरस्कार पाने वाले विजेताओं के नाम का ऐलान कर दिया गया है।*

### 'ओपेनहाइमर' ने जीते सबसे ज्यादा अवार्ड

फिल्म 'ओपेनहाइमर' ने भी कई श्रेणियों में पुरस्कार हासिल किया। मोशन पिक्चर की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का खिताब रॉबर्ट डाउनी ने फिल्म 'ओपेनहाइमर' के लिए जीता। इसी फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार क्रिस्टोफर नोलन ने जीता। यह उनका पहला गोल्डन ग्लोब पुरस्कार है। यही नहीं, मोशन पिक्चर ड्रामा में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार भी इसी फिल्म के अभिनेता सिलियन मर्फी को मिला। बेस्ट स्कोर मोशन पिक्चर और बेस्ट मोशन ड्रामा पिक्चर का पुरस्कार भी 'ओपेनहाइमर' को मिला।

### 'बार्बी' चूकी, पूअर थिंग्ज ने मारी बाजी

गोल्डन ग्लोब्स 2024 में मोशन पिक्चर, म्यूजिकल और कॉमेडी की श्रेणी में 'बार्बी' से मार्गोट रोबी पुरस्कार पाने से चूक गईं। उनकी बजाय एम्मा स्टोन 'पूअर थिंग्ज' के लिए बाजी मार गईं। बेस्ट स्क्रीनप्ले मोशन पिक्चर की श्रेणी में भी 'बार्बी' को हार का सामना करना पड़ा। बेस्ट पिक्चर का खिताब भी 'पूअर थिंग्स' को मिला। हालांकि, मोशन पिक्चर बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग के अलावा सिनेमैटिक और बॉक्स ऑफिस अचीवमेंट की श्रेणी में बॉर्बी ने पुरस्कार हासिल किया।



### अन्य श्रेणियों में इन्हें मिला पुरस्कार

लिमिटेड सीरीज में सर्वश्रेष्ठ महिला अभिनेत्री का खिताब अली वॉन्ग ने 'बीफ' के लिए जीता। स्टीवन येउन ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का गोल्डन ग्लोब अपने नाम किया। मोशन पिक्चर के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक महिला कलाकार का गोल्डन ग्लोब डे' वाइन जॉय रैंडोल्फ। एलिजाबेथ डेबिकी ने सीरीज 'द क्राउन' के लिए सवश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार। सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का खिताब मैथ्यू मैकफेडेन को 'सक्सेशन' के लिए मिला। आयो एडेबिरी ने टीवी कॉमेडी की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का गोल्डन ग्लोब पुरस्कार जीता।

### बेस्ट पिक्चर बनी 'एनाटॉमी ऑफ फॉल'

सर्वश्रेष्ठ स्क्रीनप्ले का पुरस्कार 'एनाटॉमी ऑफ फॉल' को मिला। गैर-अंग्रेजी भाषा में बेस्ट पिक्चर का पुरस्कार भी इसी फिल्म को मिला। रिकी गेरवाइस टीवी के सर्वश्रेष्ठ स्टैंडअप कॉमेडियन तो सर्वश्रेष्ठ टीवी फीमेल एक्ट्रेस सारा स्नूक बनीं। बेस्ट ड्रामा सीरीज का खिताब 'सक्सेशन' ने जीता।

### *कब हुई थी गोल्डन ग्लोब पुरस्कार की शुरुआत?*

*यह गोल्डल ग्लोब्स का 81वां संस्करण था, जिसकी मेजबानी जाने-माने कॉमेडियन जो कॉय ने की। इस साल गोल्डन ग्लोब्स के नामांकन में फिल्म और टीवी जगत से 27 पुरस्कार श्रेणियां शामिल थीं। इसमें सिनेमैटिक व बॉक्स ऑफिस अचीवमेंट और बेस्ट स्टैंडअप कॉमेडियन ऑन टेलीविजन जैसी 2 नई श्रेणियां शामिल की गई थीं। 1944 में इन पुरस्कारों की शुरुआत हुई थी। शुरुआत में यह पुरस्कार सिर्फ फिल्मों के लिए दिया जाता था। 1956 में इसमें टीवी को शामिल किया गया था।*

## संक्षिप्त खबरें

### किराना उत्सव अभियान

लखनऊ (वि.)। व्यापारियों और किराना व्यवसायियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से भारत के प्रमुख थोक विक्रेता, मेट्रो कैश एंड कैरी ने देश के तमाम 'मेट्रो होलसेल' स्टोर्स पर 'मेट्रो किराना उत्सव' की शुरुआत की है। यह अभियान मेट्रो के बाकी होलसेल स्टोर्स और ऑनलाइन मेट्रो होलसेल एप्लिकेशन पर 8 जनवरी से लाइव होगा, जो कि 14 जनवरी, 2024 तक चलेगा। महा मुनाफे के सात दिन 'टैगलाइन के साथ, किराना उत्सव अभियान की शुरुआत व्यापारियों, छोटे खुदरा विक्रेताओं और किराना ग्राहकों के लिए की गई है, ताकि उन्हें प्रतिस्पर्धी थोक कीमतों पर एक ही छत के नीचे सभी श्रेणियों के प्रमुख एफएमसीजी ब्रैंड्स से आकर्षक योजनाओं और ऑफर्स का लाभ मिल सके। इस पहल का उद्देश्य किराना दुकानों, छोटे खुदरा विक्रेताओं और व्यापारियों को बिक्री का लाभ उठाने और स्थानीय क्षेत्रों में अपने अंतिम ग्राहकों तक विशेष ऑफर्स और लाभों की पेशकश करने में मदद करना है।

### ग्लेनमार्क की नई पहल

नई दिल्ली। ग्लेनमार्क फार्मा ने भारत में पहली बार प्रचलित10,11 एंटी-डायबिटिक दवा लिराग्लूटाइड का बायोसिमिलर लांच किया है। यह जानकारी देते हुए कंपनी के प्रेसीडेंट एवं बिजनेस हेड, इंडिया फार्मूलेशंस आलोक मलिक ने कहा कि लिराफिट ब्रांड नाम से लांच की गई इस दवा की पेशकश ड्रग कंट्रोलर जनरल आफ इंडिया (डीसीजीआई) से मंजूरी मिलने के बाद की गई है। 1.2 मिलीग्राम (प्रति दिन) की मानक खुराक के लिए इस दवा की कीमत लगभग 100 रुपए है, जो कि चिकित्सा की लागत को लगभग 70% कम कर देगी। साथ ही, यह डॉक्टर की सलाह पर ही उपलब्ध हो सकेगी। लराग्लूटाइड, ग्लूकागन जैसे पेप्टाइड 1 रिसेप्टर एगोनिस्ट (जीएलपी-1 आरए) दवाओं के वर्ग के अंतर्गत आता है।

### निवेश करेगी हुंडई

नई दिल्ली। हुंडई मोटर तमिलनाडु में हाइड्रोजन संसाधन केंद्र स्थापित करने और विभिन्न अन्य पहल पर 6,180 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने सोमवार को यह घोषणा की। इससे पहले हुंडई ने 2023 से 2032 के दौरान 10 साल में इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण, चार्जिंग बुनियादी ढांचे और कौशल विकास में अपने प्रयासों को बढ़ाने के लिए 20,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा की थी। यह 6,180 करोड़ रुपये का निवेश इसके अतिरिक्त है। कंपनी ने तमिलनाडु वैश्विक निवेशक सम्मेलन-2024 के दौरान नए निवेश को लेकर राज्य सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

### विमान निरीक्षण पूरा

नई दिल्ली। अकासा एयर ने अपने बोइंग 737 मैक्स विमानों के पूरे बेड़े का गहन निरीक्षण पूरा कर लिया है और इसमें उसे कोई प्रतिकूल निष्कर्ष नहीं मिला है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पांच जनवरी को घरेलू एयरलाइन को अलास्का एयरलाइंस की घटना के मद्देनजर 'पर्याप्त एहतियाती उपाय' के रूप में अपने बेड़े में सभी बोइंग 737-8 मैक्स विमानों के आपातकालीन निकास का तुरंत निरीक्षण करने का निर्देश दिया था।

### क्रॉप साइंस का लक्ष्य तय

मुंबई। कृषि रसायन कंपनी जीएसपी क्रॉप साइंस घरेलू और विदेशी बाजार में विस्तार के बाद 2024-25 में 1,800 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही है। जीएसपी क्रॉप साइंस के प्रबंध निदेशक भावेश शाह ने कहा, '2022-23 में हमारा वार्षिक राजस्व 1,600 करोड़ रुपये था। हम वित्त वर्ष 2024-25 में 1,800 करोड़ रुपये के राजस्व की उम्मीद कर रहे हैं।

### लेलैंड का नया रिकार्ड

मुंबई। वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता अशोक लेलैंड ने बीते साल यानी 2023 में 1,98,113 वाहनों की बिक्री का नया रिकार्ड बनाया है। इससे पहले कंपनी ने एक साल में सबसे अधिक 1,96,579 वाहन बेचे थे। यह आंकड़ा कंपनी ने 2018 में हासिल किया था। अशोक लेलैंड ने सोमवार को बयान में कहा, 'यह रिकार्ड उपलब्धि कंपनी के उत्पादों के स्तर और मजबूत बाजार उपस्थिति को दर्शाती है। कंपनी ने घरेलू के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी स्थिति मजबूत की है।'(एजेंसियां)

# इकोनामी में 'के' आकार की वृद्धि के दावे मनगढ़ंत व दोषपूर्ण

**■ कोरोना के बाद अपनी बचत अचल संपत्तियों में लगा रहे भारतीय ■ चालू वर्ष में एक बार फिर वित्तीय संपत्तियों की तरफ बढ़ेगा रुझान**




**नई दिल्ली (भाषा)।**

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सोमवार को एक शोध रिपोर्ट में कहा कि भारत में महामारी के बाद अर्थव्यवस्था में 'के' आकार के पुनरुद्धार के बारे में किए जाने वाले दावे 'दोषपूर्ण, पूर्वाग्रह से ग्रसित और मनगढंत' हैं।

इस रिपोर्ट के मुताबिक, महामारी के बाद भारतीय परिवार अपनी बचत को अचल संपत्ति सहित विभिन्न भौतिक संपत्तियों में नए सिरे से लगा रहे हैं। रिपोर्ट कहती है, 'महामारी के बाद अर्थव्यवस्था में 'के' आकार के सुधार पर बार-बार होने वाली बहस दोषपूर्ण, पूर्वाग्रह से ग्रसित और मनगढ़ंत है। यह चुनिंदा तबकों के हितों को बढ़ावा देने वाली भी है जिनके लिए भारत का बेहतरीन उत्थान, जो नए वैश्विक दक्षिण के पुनर्जागरण का संकेत देता है, काफी अप्रिय है।'

एसबीआई की रिपोर्ट कहती है कि कोविड-19 महामारी के बाद कम ब्याज दरों का लाभ उठाने के लिए भारत में भी वैश्विक रुझान के मुताबिक अपनी बचत को वित्तीय परिसंपत्तियों ने निकालकर भौतिक परिसंपत्तियों में लगाने का रुझान देखा गया है। हालांकि, हालिया आंकड़ों से पता चलता है कि 2023 के बाद से एक बार फिर वित्तीय परिसंपत्तियों की तरफ ध्यान बढ़ेगा।

रिपोर्ट के मुताबिक लोगों के आयकर रिटर्न आंकड़ों से पता चलता है कि वित्त वर्ष 2014-22 के दौरान व्यक्तिगत आय असमानता 0.472 से घटकर 0.402 हो गई है।




इसके साथ ही एमएसएमई इकाइयों की आमदनी के तरीके में भी बदलाव आया है। यह उद्योग/ सेवाओं की बदलती रूपरेखा को दर्शाता है क्योंकि अधिक संस्थाओं को औपचारिक दायरे में लाया गया है।

सूक्ष्म आकार की लगभग 19.5 प्रतिशत कंपनियां अपनी आय को बढ़ाने में सक्षम हुई हैं, ताकि वे छोटी, मध्यम एवं बड़े आकार की कंपनियों के रूप में वर्गीकृत की जा सकें।

इससे साफ तौर पर पता चलता है कि एमएसएमई इकाइयों का आकार बढ़ रहा है और उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना जैसी पहल के साथ वे बड़ी मूल्य श्रृंखलाओं का हिस्सा बन रही हैं।

### किसे कहते हैं 'के' आकार की इकोनामी

'के' आकार के पुनरुद्धार का मतलब अर्थव्यवस्था के विभिन्न समूहों की असमान वृद्धि है। इसमें अर्थव्यवस्था के कुछ क्षेत्र बहुत तेजी से बढ़ते हैं जबकि अन्य क्षेत्रों में गिरावट जारी रहती है या उन्हें संघर्ष का सामना करना पड़ता है।

### एमएसएमई का आकार बढ़ा

एमएसएमई का आकार काफी तेजी से बढ़ रहा है। इनका आकार बढ़ने के बाद अब इन कंपनियों को मध्यम और बड़े आकार की कंपनियों के रूप में वर्गीकृत किया जा सकेगा। पीएलआई योजना जैसी पहल बड़ी मूल्य श्रृंखलाओं का हिस्सा बनी हैं।

# EFTA के साथ व्यापार समझौते में सीमित रहेंगे भारत के फायदे

**नई दिल्ली (भाषा)।**

स्विट्जरलैंड के साथ बड़े व्यापार घाटे और उसके द्वारा एक जनवरी से सभी देशों के लिए लगभग सभी औद्योगिक वस्तुओं पर आयात शुल्क हटाने के फैसले से ईएफटीए ब्लाक के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते के तहत भारत का लाभ सिमट जाएगा। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की रिपोर्ट में कहा गया है कि मौजूदा प्रारूप में व्यापार समझौते से भारतीय निर्यात को मदद नहीं मिलेगी और इसके चलते आयात और व्यापार घाटा बढ़ेगा।




भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत कर रहे हैं, जिसे आधिकारिक तौर पर व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता (टीईपीए) कहा जाता है।

एफटीए वार्ता जनवरी, 2008 में शुरू की गई थी। ईएफटीए के सदस्यों में आइसलैंड, लीकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं। जीटीआरआई ने कहा, 'ईएफटीए के साथ समझौते में संतुलित परिणाम प्राप्त करने में भारतीय पक्ष को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसमें ईएफटीए के पक्ष में बड़े व्यापार घाटे, किसी भी देश से सभी औद्योगिक वस्तुओं के लिए शुल्क-मुक्त प्रवेश की अनुमति देने की स्विट्जरलैंड की नई नीति और भारत के लिए सीमित लाभ की चिंताएं हैं।'

रिपोर्ट कहती है कि इन कारकों की वजह से ईएफटीए के साथ एफटीए में भारत को लाभ के समान वितरण पर सवाल खड़ा होता है।

## पैक्स चला रहे हैं जन औषधि केंद्र, गांवों में गरीबों को भी मिल रहीं सस्ती दवाएं : शाह

**नई दिल्ली (भाषा)।**

सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि देशभर में लगभग 241 प्राथमिक कृषि सहकारी ऋण समितियों (पीएसीएस) ने जन औषधि केंद्र खोले हैं, जिससे गांवों में गरीबों और किसानों को भी सस्ती कीमत पर जेनेरिक दवाओं का लाभ सुनिश्चित हुआ है।

जेनेरिक औषधि से आशय ऐसी दवाओं से हैं, जिनकी पेटेंट अवधि समाप्त हो गयी हो। ये दवाएं ब्रांडेड दवाओं की तरह प्रभावी होती हैं लेकिन साथ ही काफी सस्ती भी होती हैं, क्योंकि इसमें शोध की लागत शामिल नहीं होती। शाह ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अबतक सरकार के जन औषधि केंद्र बड़े पैमाने पर शहरों में खोले जाते थे, जिससे शहरी गरीबों को फायदा होता था। अब यह लाभ ग्रामीण गरीबों तक पहुंचाया जा रहा है।

शाह ने पांच पात्र पैक्स को जन औषधि केंद्र 'स्टोर कोड' प्रमाणपत्र भी दिए। उन्होंने कहा कि पैक्स अपने उपनियमों में लाए गए बदलावों के कारण जन औषधि केंद्र खोलने के लिए अपनी व्यावसायिक गतिविधियों का विस्तार कर सकते हैं। शाह ने कहा, 'पिछले छह माह में पैक्स से 4,470 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 2,373 पैक्स को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी गई है। उनमें से लगभग 241 ने जन औषधि केंद्रों का संचालन शुरू कर दिया है।' उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में ये केंद्र खुलने से लोग अब किफायती दरों पर जेनेरिक दवाएं खरीद सकते हैं।

# वाहनों की खुदरा बिक्री में 11 फीसद की बढ़ोतरी

**■ वाहन डीलरों के संगठन फाडा ने जारी किए बीते साल के आंकड़े**

**नई दिल्ली (भाषा)।**

देश में वाहनों की खुदरा बिक्री बीते कैलेंडर साल यानी 23 में 11 प्रतिशत बढ़ी है। वाहन डीलरों के संगठन फाडा ने सोमवार को यह जानकारी दी।

**09** फीसद तक बढ़ी दुपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री

**58** फीसद की वृद्धि तिपहिया की बिक्री में दर्ज की गई

**08** फीसद बढ़त वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में रही

**07** प्रतिशत वृद्धि ट्रैक्टर की खुदरा बिक्री में दर्ज हुई

**11** फीसद वृद्धि यात्री वाहन की बिक्री में देखी गई



वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) ने कहा कि 2023 के कैलेंडर साल में घरेलू बाजार में वाहनों की कुल खुदरा बिक्री 2,38,67,990 इकाई रही, जबकि 2022 में 2,14,92,324 वाहन बेचे गए थे। यात्री वाहनों की बिक्री पिछले साल 38,60,268 इकाई रही, जो 2022 के 34,89,953 इकाई के आंकड़े से 11 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री पिछले साल नौ प्रतिशत बढ़कर 1,70,61,112 इकाई हो गई, जो 2022 में 1,55,88,352 इकाई थी। तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री पिछले साल 58 प्रतिशत बढ़कर 10,80,653 इकाई हो गई, जो 2022 में 6,81,812 इकाई थी। वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री 2022 के 9,18,284 इकाई से आठ प्रतिशत की वृद्धि के साथ 9,94,330 इकाइयों पर पहुंच गई। ट्रैक्टर की खुदरा बिक्री बढकर 8,71,627 इकाई हो गई, जो 2022 के 8,13,923 इकाई के आंकड़े से सात प्रतिशत अधिक है। दिसम्बर, 2023 में घरेलू बाजार में वाहनों की कुल खुदरा बिक्री 21 प्रतिशत बढ़कर 19,90,915 इकाई पर पहुंच गई। यह दिसम्बर, 2022 में 16,43,514 इकाई रही थी।


यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री पिछले महीने बढ़कर 2,93,005 इकाई हो गई, जो दिसम्बर, 2022 के 2,85,429 इकाई के आंकड़े से तीन प्रतिशत अधिक है। दिसम्बर, 2023 में दोपहिया वाहनों की बिक्री 28 प्रतिशत बढ़कर 14,49,693 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में 11,36,465 दोपहिया बेचे गए थे। फाडा ने कहा कि उसने देशभर के 1,442 क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों में से 1,355 से वाहन बिक्री का आंकड़ा जुटाया है।

# सेंसेक्स में 671 अंक की गिरावट

**मुंबई (भाषा)।**

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को शुरुआती बढ़त बरकरार नहीं रह पाई और बीएसई सेंसेक्स 671 अंक लुढ़क कर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच निवेशकों की बैंक, धातु तथा दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर विराम लगा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 670.93 अंक यानी 0.93 प्रतिशत का गोता लगाकर 71,355.22 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 725.11 अंक तक लुढक गया था। नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी भी 197.80 अंक यानी 0.91 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,513 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी, नेस्ले, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और हिंदुस्तान यूनिलीवर प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज, पावर ग्रिड, सन फार्मा, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस और टाइटन शामिल हैं। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। जापान का बाजार अवकाश के कारण बंद रहा।




## एयर इंडिया व विस्तार का विलय छह माह में

**नई दिल्ली (भाषा)।**

विस्तारा के एयर इंडिया के साथ प्रस्तावित विलय के लिए सभी कानूनी मंजूरियां 2024 की पहली छमाही तक मिल सकती हैं। एयरलाइन कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनोद कन्नन ने सोमवार को यह जानकारी दी।

नवम्बर, 2022 में टाटा समूह ने एक सौदे के तहत एयर इंडिया के साथ विस्तारा के विलय की घोषणा की थी। इस सौदे के तहत सिंगापुर एयरलाइंस भी एयर इंडिया में 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। यह विलय छह माह में पूरा होगा।

# ऊर्जा मांग कम करने से सालाना हो सकती है 2000 अरब डालर की बचत

**■ विश्व आर्थिक मंच के अध्ययन का निष्कर्ष**

**नई दिल्ली (भाषा)।**

ऊर्जा मांग की गहनता को कम करने के लिए व्यावसायिक कार्रवाइयों से सालाना 2,000 अरब डालर की बचत हो सकती है। विश्व आर्थिक मंच के सोमवार को जारी एक अध्ययन में यह अनुमान लगाया गया है।

रिपोर्ट कहती है कि यदि ये उपाय इस दशक के अंत तक किए जाते हैं, तो हम इतनी बड़ी बचत हासिल कर सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि ये लक्षित व्यावहारिक कार्रवाइयां वृद्धि को बढावा दे सकती हैं। दावोस में 15-19 जनवरी तक होने वाली अपनी वार्षिक बैठक से पहले रिपोर्ट जारी करते हुए कहा गया कि सही नीतिगत ढांचे से वृद्धि और उत्पादकता बढ़ेगी, कंपनियों को नकदी की बचत होगी, प्रतिस्पर्धा के मोर्चे पर लाभ मिलेगा और उत्सर्जन में कमी आएगी।

यह रिपोर्ट पीडब्ल्यूसी के सहयोग से पेश की गई है और इसे 120 से अधिक वैश्विक मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) का समर्थन है। ये सीईओ डब्ल्यूईएफ की अंतरराष्ट्रीय व्यापार परिषद (आईबीसी) के सदस्य हैं। संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन सीओपी28 में सबसे व्यापक रूप से समर्थित पहल में से एक में सरकारों ने 2030 तक दुनिया की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना करने और इसी अवधि में ऊर्जा दक्षता सुधार की दर को दोगुना करने का वादा किया है।



# लक्षद्वीप को लेकर 'सर्च' में 3400% की वृद्धि

**नई दिल्ली (भाषा)।**

यात्रा संबंधी सेवाएं देने वाले मंच मेकमाईट्रिप ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप जाने के बाद से उसके मंच पर द्वीप के बारे में सर्च या खोज 3,400 प्रतिशत बढ़ गई है।

मेकमाईट्रिप ने सोशल नेटवर्किंग मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'हमने प्रधानमंत्री की यात्रा के बाद से लक्षद्वीप के लिए मंच पर 'सर्च' में 3,400 प्रतिशत की वृद्धि देखी है।' मोदी के दौरे के बाद लक्षद्वीप पसंदीदा पर्यटन स्थल बनकर उभरा है।



कई लोगों ने भारतीय द्वीप की तुलना मालदीव और सेशेल्स जैसे विश्वस्तर पर मांग वाले समुद्र तट स्थलों से करना शुरू कर दिया है। मालदीव के मंत्रियों द्वारा सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री के खिलाफ टिप्पणियों के बाद दोनों देशों के बीच राजनयिक विवाद शुरू हो गया है। इस बीच, भारत में मालदीव के उच्चायुक्त को सोमवार को विदेश मंत्रालय में तलब किया गया और मालदीव के कई मंत्रियों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई टिप्पणियों को लेकर कड़ी आपत्ति जताई गई।

मालदीव सरकार ने मोदी के खिलाफ अपमानजनक सोशल मीडिया पोस्ट के लिए रविवार को तीन उप मंत्रियों को निलंबित कर दिया है। मंत्रियों की अपमानजनक टिप्पणियों की भारत में आलोचना हुई है और कई मशहूर हस्तियों ने 'एक्स' पर लोगों से मालदीव जाने के बजाए घरेलू पर्यटन स्थलों के बारे में जानने का आग्रह किया है।

# दिसम्बर में वेज थाली की लागत 3% व नॉनवेज की लागत 5% तक घटी

### क्रिसिल की रिपोर्ट

- ■ प्याज व टमाटर सस्ते होने से घटी इनकी लागत
- ■ सालाना आधार पर वेज थाली की कीमत 12% बढ़ी
- ■ नॉनवेज थाली की लागत सालाना तौर पर 4% घटी
- ■ दिसम्बर में प्याज के दाम 14 फीसद और टमाटर के तीन फीसद तक घटे

**नई दिल्ली (भाषा)।**

प्याज और टमाटर की कीमतों में गिरावट के बाद दिसम्बर में शाकाहारी (वेज) भोजन की थाली की लागत में तीन प्रतिशत और मांसाहारी (नॉन-वेज) थाली की कीमत में पांच प्रतिशत की कमी आई है। एक रिपोर्ट में सोमवार को यह जानकारी दी गई है।

क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स (एमआईएंडए) रिसर्च की 'राइस रोटी रेट' रिपोर्ट के मुताबिक, दिसम्बर में घर में बनी शाकाहारी और मांसाहारी (नॉन-वेज) थाली की दरें क्रमशः तीन प्रतिशत और पांच प्रतिशत घट गई। इसमें कहा गया है कि शाकाहारी और मांसाहारी थाली का दाम घटने की वजह प्याज तथा टमाटर का सस्ता होना है।



मासिक आधार पर दिसम्बर में प्याज के दाम 14 प्रतिशत और टमाटर के तीन प्रतिशत घटे हैं। त्योहारी सीजन के समाप्त होने की वजह से घर की रसोई में इस्तेमाल होने वाली इन सब्जियों के दाम घटे हैं। रिपोर्ट कहती है कि ब्रॉयलर की कीमत मासिक आधार पर पांच-सात प्रतिशत घटने की वजह से मांसाहारी थाली की लागत अधिक तेजी से घटी है। मांसाहारी थाली की लागत में ब्रॉयलर का हिस्सा 50 प्रतिशत बैठता है।



घर पर थाली तैयार करने की औसत लागत की गणना उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम भारत में थाली तैयार करने की कीमतों के आधार पर की जाती है। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि थाली की कीमत में बदलाव अनाज, दाल, ब्रॉयलर, सब्जियां, मसाले, खाद्य तेल और रसोई गैस की कीमतों के आधार पर आता है। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि सालाना आधार पर शाकाहारी थाली की कीमत में 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जबकि मांसाहारी थाली की कीमत में चार प्रतिशत की गिरावट आई है।

इसमें कहा गया है कि शाकाहारी भोजन की लागत बढ़ने की प्रमख वजह प्याज और टमाटर की कीमतों में क्रमशः 82 और 42 प्रतिशत की बढ़ोतरी है।

# लिवरपूल ने आर्सेनल को हराया, सिटी की 5-0 से धमाकेदार जीत

एजेंसी ▶▶ लंदन

आर्सेनल को एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे दौर में लिवरपूल के खिलाफ रविवार को यहां 0-2 से शिकस्त झेलनी पड़ी। आर्सेनल की टीम खराब फॉर्म से जूझ रही है और सभी प्रतियोगिताओं में अपने पिछले सात मैच में से चार मैच गंवा चुकी है। टीम ने लगातार तीन मैच गंवाए हैं। रविवार को लिवरपूल के खिलाफ आर्सेनल के डिफेंडर याकुब किवियोर ने 80वें मिनट में आत्मघाती गोल किया जबकि लुई डियाज ने इंजरी टाइम के चौथे मिनट में गोल दागकर टीम की 2-0 से जीत सुनिश्चित की।



## फिल फोडेन ने 33वें और 65वें मिनट में दागे गोल

*मैनचेस्टर सिटी ने एक अन्य मैच में दूसरे टीयर की टीम हडर्सफील्ड पर 5-0 की आसान जीत दर्ज की। सिटी के केविन डीब्रून ने मांसपेशियों में खिंचाव के कारण लगभग पांच महीने के बाद इस मुकाबले के साथ वापसी की। मैनचेस्टर सिटी की ओर से फिल फोडेन (33वें और 65वें मिनट) ने दो गोल दागे जबकि जूलियन अल्वारेज (37वें मिनट) और जेरेमी डोकु (74वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। हडर्सफील्ड के बेन जैकसन ने आत्मघाती गोल भी किया। रेक्सहैम ने जीत दर्ज की जबकि प्रीमियर लीग टीम वेस्टहैम, नॉटिंघम फॉरेस्ट और ल्युटन के मुकाबले ड्रॉ रहे। रेक्सहैम ने श्रुसबरी के खिलाफ 1-0 से जीत दर्ज की। वेस्टहैम को दूसरे टीयर की टीम ब्रिस्टल सिटी ने 1-1, नॉटिंघम फॉरेस्ट को तीसरे टीयर की टीम ब्लैकपूल ने 2-2 जबकि ल्युटन को तीसरे टीयर की टीम बोल्टन ने गोल रहित बराबरी पर रोका।*



## खबर संक्षेप



### मुंबई मैराथन के ब्रांड दूत बने केफलेजिगी

**मुंबई।** एथेंस ओलंपिक 2004 के रजत पदक विजेता और लंबी दूरी के जाने माने धावक मेब केफलेजिगी को रविवार को 19वीं टाटा मुंबई मैराथन का ब्रांड दूत नियुक्त किया गया। यह विश्व एथलेटिक्स की 'गोल्ड लेबल' की रेस है और प्रोकैम इंटरनेशनल इसका प्रमोटर है। एरीट्रिया में जन्में अमेरिकी केफलेजिगी ने उस समय इतिहास रचा था जब वह ओलंपिक पदक (2004), न्यूयॉर्क सिटी मैराथन (2009) और बोस्टन मैराथन (2014) जीतने वाले पहले धावक बने थे। वह 2009 में 1982 के बाद न्यूयॉर्क मैराथन जीतने वाले पहले अमेरिकी भी बने। वह अपने करियर में कुल आठ बार न्यूयॉर्क मैराथन में शीर्ष 10 में शामिल रहे।

### यूबैंक्स और मोनफिल्स पहले दौर में हारे



**ऑकलैंड।** अमेरिका के क्रिस यूबैंक्स और फ्रांस के दिग्गज गेल मोनफिल्स को एटीपी ऑकलैंड क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में सोमवार को यहां हार का सामना करना पड़ा। पांचवीं वरीयता प्राप्त यूबैंक्स मांसपेशियों में चोट के बाद बोटिक वैन डेर जैडस्चुल्प की चुनौती से पार नहीं पा सके। उन्होंने मैच के बीच में इलाज के बाद अपना खेल जारी रखा लेकिन 6-7, 2-6 से हार गये। फ्रांस के 37 साल के मोनफिल्स के खेल पर भी उम्र हावी दिखी। हंगरी के फैबियन मरोज्सन के खिलाफ वह तीन सेट के संघर्षपूर्ण मुकाबले को 2-6, 7-6, 6-7 से गंवा बैठे।

### तीसरी बार ओलंपिक में जगह बनाने का भरोसा




**रांची।** अटैकिंग मिडफील्डर नवनीत कौर ने सोमवार को कहा कि भारतीय महिला टीम लगातार तीसरी बार ओलंपिक कोटा हासिल करने को लेकर आश्वस्त है और यहां की परिस्थितियों की जानकारी आठ टीम के हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर से पहले मेजबान टीम को अच्छी स्थिति में रखेगी। सविता पूनिया के नेतृत्व में भारतीय टीम ने पिछले साल नवंबर में यहां मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंधा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। मेजबान टीम ने फाइनल में जापान को 4-0 से हराकर प्रतियोगिता में अपना लगातार दूसरा खिताब जीता था।

### एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर : पहले दिन जीते छह पदक

# तोमर और ईशा ने स्वर्ण पदक के साथ हासिल किया पेरिस ओलंपिक कोटा

एजेंसी ▶▶ जकार्ता

भारत के युवा निशानेबाजों वरुण तोमर और ईशा सिंह ने सोमवार को यहां एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर की क्रमशः पुरुष और महिला 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर भारत के लिए दो ओलंपिक कोटा हासिल किए। इन दोनों के ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के साथ भारत के निशानेबाजों ने पेरिस खेलों के 15 कोटा हासिल कर लिए हैं और इसके साथ ही टोक्यो खेलों में सबसे अधिक निशानेबाज उतारने के अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी कर ली। भारतीय निशानेबाजों के पास बाकी क्वालीफायर स्पर्धाओं के जरिए भी इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले खेलों में जगह बनाने का मौका होगा।

भारत ने इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के पहले दिन दो टीम स्वर्ण सहित कुल छह पदक के साथ अपने अभियान का आगाज किया। बीस साल के तोमर ने फाइनल में 239.6 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि उनके हमवतन अर्जुन चीमा ने 237.3 अंक के साथ रजत पदक जीता। मंगोलिया के देवाखु एंखताइवान (217.2) ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इससे पहले तोमर (586), अर्जुन (579) और उज्जवल मलिक (575) की भारतीय टीम कुल 1740 अंक के साथ टीम स्पर्धा में शीर्ष पर रही थी। ईरान और कोरिया ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते।



#### 16 कोटा स्थान दांव पर

*इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय प्रतियोगिता में पेरिस ओलंपिक के लिए कुल 16 कोटा स्थान दांव पर लगे हैं। पुरुषों और महिलाओं के लिए 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में चार कोटा हैं जिसमें से अधिकतम तीन भारतीय निशानेबाजों को मिल सकते हैं। इस प्रतियोगिता में 26 देशों के लगभग 385 निशानेबाज पेरिस कोटा हासिल करने के अलावा 256 पदक (84 स्वर्ण, 84 रजत और 88 कांस्य पदक) जीतने के लिए जकार्ता की सेनायन निशानेबाजी रेंज में चुनौती पेश करेंगे।*



#### ईशा के फाइनल में 243.1 अंक

*महिला वर्ग में 18 साल की ईशा ने फाइनल में 243.1 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। पाकिस्तान की किशमाला तलत (236.3) ने रजत जबकि ईशा की हमवतन रिदम सांगवान (214.5) ने कांस्य पदक जीता। ईशा, रिदम और सुरभि राव की भारतीय तिकड़ी ने कुल 1736 अंक के साथ टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक भी जीता। ईशा 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम और 25 मीटर पिस्टल टीम के साथ विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं।*

## अनाहत 2024 ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वाश में रहीं उपविजेता



एजेंसी ▶▶ बर्मिंघम

भारत की उभरती हुई स्टार खिलाड़ी अनाहत सिंह यहां ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के लड़कियों के अंडर-17 वर्ग में उपविजेता रहीं। अनाहत को रविवार को बर्मिंघम विश्वविद्यालय में 68 मिनट चले कड़े फाइनल में मिस्र की दूसरी वरीय नादीन अलहमामी के खिलाफ 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

भारत की 15 साल की अनाहत ने पहला गेम 11-7 से जीत लिया था लेकिन इसके बाद नादीन ने जोरदार वापसी करते हुए अगले दो गेम टाईब्रेक में 13-11 और 12-10 से जीतकर 2-1 की बढ़त बना ली। अनाहत ने चौथा गेम 11-5 से जीतकर स्कोर 2-2 किया लेकिन मिस्र की खिलाड़ी ने पांचवां और निर्णायक गेम 11-9 से जीतकर खिताब अपने नाम किया। पिछले महीने अनाहत ने स्कॉटिश जूनियर ओपन के अंडर-19 वर्ग का खिताब जीता था। इस बीच अमेरिकी जूनियर ओपन के लड़कों के अंडर-15 वर्ग के गत चैंपिन आर्यवीर दीवान लड़कों के अंडर-15 वर्ग में तीसरे स्थान पर रहे।


### भारत की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 जंग आज

**नवी मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम लंबे और मिश्रित सफलता वाले घरेलू सत्र का अंत मंगलवार को यहां तीसरे और अंतिम मुकाबले में जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ स्वदेश में पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतकर करना चाहेगी। तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर चल रही है और हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम के पास गत विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर 2024 टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप के साल की शुरुआत इस प्रारूप में जीत के साथ करने का मौका है।

## क्रेसिकोवा और माइया एडीलेड इंटरनेशनल के पहले दौर में हारे

एजेंसी ▶▶ एडीलेड

फ्रेंच ओपन की पूर्व चैंपियन बारबरा क्रेसिकोवा और बीट्रिज हदाद माइया को सोमवार को यहां एडीलेड इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। क्वालीफायर अन्ना केलिन्सकाया ने 2021 की फ्रेंच ओपन विजेता और चौथी वरीय क्रेसिकोवा को 7-5, 3-6, 7-5 से शिकस्त दी।



केलिन्सकाया तीसरे और निर्णायक सेट में जब 6-5 से आगे थी तो उन्हें क्रेसिकोवा की सर्विस पर तीन मैच प्वाइंट मिले जिसमें से तीसरे पर अंक जुटाकर उन्होंने मैच अपने नाम किया। पूर्व में फ्रेंच ओपन के फाइनल में जगह बना चुकी पावलुचेनकोवा ने क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के जरिए मुख्य वर्ग में जगह बनाते हुए पांचवीं वरीय हदाद माइया को 6-3, 6-4 से हराया। पहले दौर में एक अन्य मुकाबले में एना बोगडन ने केटी बोल्टर को 6-3, 6-4 से शिकस्त दी। दूसरी तरफ होबार्ट इंटरनेशनल डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट में शीर्ष वरीय एलिस मर्टेन्स ने डेनियल कोलिन्स को 6-2, 6-3 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

### देश का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात

**नई दिल्ली।** अमेच्योर गोल्फ की विश्व रैंकिंग में शीर्ष 50 में शामिल इकलौती भारतीय अवनि प्रशांत के लिए अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में देश का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात है। सत्रह साल की अवनि इस महीने दो अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भारत की अगुवाई करेंगी। वह नौ से 12 जनवरी तक तक दक्षिणी गोल्फ क्लब में वार्षिक ऑस्ट्रेलियाई मास्टर्स ऑफ एमेच्योर चैम्पियनशिप में भाग लेगी। इसमें चार सदस्यीय भारतीय टीम में दो पुरुष और दो महिला खिलाड़ी शामिल हैं। इसके बाद चारों खिलाड़ी 16 से 19 जनवरी 2024 तक ऑस्ट्रेलियाई एमेच्योर चैंपियनशिप में खेलेंगे।



## हेनरिक क्लासेन ने की टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा

एजेंसी ▶▶ प्रिटोरिया

दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है जिससे लाल गेंद के प्रारूप में उनका संक्षिप्त कॅरियर खत्म हो गया। रांची में 2019 में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 32 साल के क्लासेन ने अपने संक्षिप्त टेस्ट कॅरियर में चार मैच खेले। वह अपना आखिरी टेस्ट पिछले साल जोहानिसबर्ग में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले थे। क्लासेन ने अपने टेस्ट कॅरियर में 13.00 के औसत से 104 रन बनाए और सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 35 रन उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी रही। क्लासेन हालांकि सफेद गेंद के प्रारूप में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व करने के लिए उपलब्ध रहेंगे।




### मलेशिया ओपन आज से, ओलंपिक कोटा पर निगाह

# पदक से शुरुआत करना चाहेंगे बैडमिंटन खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶ कुआलालंपुर

पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन पर नजरें टिकाए बैठे एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन जैसे भारत के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ियों को मंगलवार से यहां शुरू हो रहे मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के साथ नए सत्र की प्रभावी शुरुआत करने की उम्मीद होगी।

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए अगले चार महीने में काफी कुछ दांव पर लगा होगा। इस दौरान उनकी नजरें व्यस्त कार्यक्रम के बीच अप्रैल के अंत तक विश्व रैंकिंग में शीर्ष 16 में जगह बनाकर पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने पर टिकी होंगी। ओलंपिक में जगह बनने की दौड़ में दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय आगे चल रहे हैं। यह आठवीं वरीयता प्राप्त 31 वर्षीय खिलाड़ी अपने अभियान की शुरुआत डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसन के खिलाफ करेगा और उन्हें अपनी शानदार फॉर्म जारी रखने की उम्मीद होगी। सभी की निगाहें लक्ष्य और किदांबी श्रीकांत पर भी होंगी जो शीर्ष 16 में आने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। दुनिया के 16वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने पिछले साल कनाडा ओपन सुपर 500 का खिताब जीता लेकिन इसके बाद अपनी फॉर्म गंवा दी। श्रीकांत की विश्व रैंकिंग 24वीं हैं और वह 2023 में सिर्फ चार टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। सेन और श्रीकांत के लिए चीजें आसान नहीं होने वाली हैं क्योंकि उन्हें यहां शुरुआती दौर में क्रमशः चीन के वेंग होंग यैंग और इंडोनेशिया के छठी वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी जैसे कड़े प्रतिद्वंद्वियों का सामना करना है।




### सात्विक-चिराग दिलाएंगे पदक

पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शानदार फॉर्म में दिख रहे हैं। वे 2023 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी रहे। दिसंबर में तीन फाइनल में जगह बनाने के बाद आत्मविश्वास से भरी अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की महिला युगल जोड़ी अब इस सत्र में विश्व रैंकिंग में शीर्ष 16 में जगह बनाने की कोशिश करेगी। यह जोड़ी अभी ओलंपिक खेलों की क्वालीफिकेशन रैंकिंग में 21वें स्थान पर है। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी 27वें स्थान पर है। मलेशिया ओपन चार बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 1000 टूर्नामेंट में से एक है। उसे पिछले साल यह दर्जा मिला था। ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप, चीन ओपन और इंडोनेशियाई ओपन विश्व सर्किट में अन्य तीन सुपर 1000 टूर्नामेंट है।

# अकेला है 3 में से 1 व्यक्ति

## क्या अकेलापन कम करने में मदद करेगा एआई, या हालात बना देगा बदतर?

**मेलबर्न (द कन्वरसेशन)।** चैटजीपीटी पिछले साल के अंत में रिलीज होने के बाद से बार-बार सुर्खियां बटोर रहा है, विभिन्न विद्वान पेशेवर काम और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में इसके संभावित अनुप्रयोगों की खोज कर रहे हैं। हालाँकि, जिस एक क्षेत्र पर कम ध्यान दिया जा रहा है, वह है एक परस्पर संवादकर्ता के रूप में और एक संभावित मित्र के रूप में इस उपकरण की उपयोगिता। कुछ चैटबॉट्स ने परेशान करने वाले काम किए हैं। माइक्रोसॉफ्ट के बिंग चैटबॉट ने इस साल की शुरुआत में उपयोगकर्ताओं को तब चिंतित कर दिया जब उसने उन्हें धमकी दी और ब्लैकमेल करने का प्रयास किया। फिर भी पॉप संस्कृति ने लंबे समय से हमारे साथ सामाजिक साथी के रूप में रहने वाली स्वायत्त प्रणालियों के सपने संजोए हैं, चाहे वह द जेट्सन की रोबोट रोज़ी हो, या 2013 की फिल्म हर की सुपर-इंटेलिजेंट एआई, सामंथा हो। क्या हम नए और आने वाले चैटबॉट्स के प्रति समान भावनात्मक जुड़ाव विकसित करेंगे? और क्या यह स्वस्थ है? जबकि जेनरेटिव एआई स्वयं अपेक्षाकृत नया है, संबद्धता और मानव-कंप्यूटर इंटरैक्शन के क्षेत्रों का काफी अच्छी तरह से पता लगाया गया है, जिसके परिणाम आपको आश्चर्यचकित कर सकते हैं। नवीनतम शोध से पता चलता है कि, ऐसे समय में जब 3 में से 1 व्यक्ति (ऑस्ट्रेलियाई) अकेलेपन का अनुभव कर रहा है, हमारे सामाजिक जीवन में अंतराल को भरने के लिए एआई के लिए जगह हो सकती है। हालांकि इसमें दो राय नहीं कि हम इसका उपयोग लोगों के स्थानापन्न के रूप में नहीं करते हैं।



### क्या आप रोबोट से दोस्ती कर सकते हैं?

जहां तक इंटरनेट के लोकप्रिय होने की बात है, विद्वान इस बात पर चर्चा करते रहे हैं कि एआई मानवीय रिश्तों को कैसे प्रतिस्थापित या पूरक कर सकता है। लगभग एक दशक बाद जब सोशल मीडिया लोकप्रिय हो गया, तो इस क्षेत्र में रुचि बढ़ गई। 2021 नोबेल पुरस्कार विजेता की पुस्तक क्लारा एंड द सन यह बताती है कि मनुष्य और जीवन जैसी मशीनें कैसे सार्थक रिश्ते बना सकती हैं। और रुचि बढ़ने के साथ-साथ चिंता भी बढ़ती गई, इस बात के प्रमाण मिले कि प्रौद्योगिकी के उपयोग से अपनापन (और इसलिए अकेलापन) प्रभावित हो सकता है। कुछ अध्ययनों में, प्रौद्योगिकी (गेमिंग, इंटरनेट, मोबाइल और सोशल मीडिया) के अत्यधिक उपयोग को उच्च सामाजिक चिंता और अकेलेपन से जोड़ा गया है। लेकिन अन्य शोध से पता चलता है कि प्रभाव काफी हद तक इस बात पर निर्भर करता है कि तकनीक का उपयोग कौन कर रहा है और कितनी बार इसका उपयोग करता है। शोध में यह भी पाया गया है कि कुछ ऑनलाइन रोलप्लेइंग गेम खेलने वालों को वास्तविक दुनिया की तुलना में ऑनलाइन अकेलेपन का अनुभव कम होता है - और जो लोग गेमिंग प्लेटफ़ॉर्म पर अपनेपन की भावना महसूस करते हैं, वे इसका उपयोग जारी रखने की अधिक संभावना रखते हैं।।

### रोबोट साथियों का उदय


प्रौद्योगिकी, नेतृत्व और मनोविज्ञान के क्षेत्र में शोधकर्ताओं के रूप में, हम यह जांच करना चाहते थे कि चैटजीपीटी लोगों की अकेलेपन और सहयोग की भावनाओं को कैसे प्रभावित कर सकता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि क्या इसका उपयोगकर्ताओं की भलाई और अपनेपन के लिए कोई शुद्ध सकारात्मक लाभ है? इसका अध्ययन करने के लिए, हमने 387 प्रतिभागियों से एआई के उपयोग के साथ-साथ सामाजिक कनेक्शन और समर्थन के उनके सामान्य अनुभव के बारे में पूछा। हमने पाया कि जिन प्रतिभागियों ने एआई का अधिक उपयोग किया, उन्हें उन लोगों की तुलना में अपने एआई द्वारा अधिक समर्थन महसूस हुआ, जिनका समर्थन मुख्य रूप से करीबी दोस्तों से आया था।

- **एक प्रतिभागी ने जितना अधिक एआई का उपयोग किया, एआई से सामाजिक समर्थन की उनकी भावना उतनी ही अधिक थी**
- **जितना अधिक प्रतिभागी एआई द्वारा सामाजिक रूप से समर्थित महसूस करते थे, उनके करीबी दोस्तों और परिवार से समर्थन की भावना उतनी ही कम होती थी**
- **हालाँकि यह पूरी तरह सच नहीं है, औसतन मानव सामाजिक समर्थन कम अकेलेपन का सबसे बड़ा उदाहरण था।**

**निष्कर्ष** **शोध बताता है कि एआई से सामाजिक समर्थन सकारात्मक हो सकता है, लेकिन यह अन्य लोगों से सामाजिक समर्थन के सभी लाभ प्रदान नहीं करता है - खासकर जब अकेलेपन की बात आती है।जब संयमित तरीके से उपयोग किया जाता है, तो एआई बॉट के साथ संबंध सकारात्मक कार्यात्मक और भावनात्मक लाभ प्रदान कर सकता है। लेकिन मुख्य बात यह समझना है कि यद्यपि यह आपको समर्थित महसूस करा सकता है, लेकिन यह आपको अकेलापन महसूस करने से रोकने के लिए अपनेपन की पर्याप्त भावना विकसित करने में मदद करने की संभावना नहीं है। इसलिए सुनिश्चित करें कि आप भी बाहर निकलें और वास्तविक मानवीय संबंध बनाएं। यह अपनेपन की एक सहज भावना प्रदान करते हैं जिसकी (अभी के लिए) सबसे उन्नत एआई भी बराबरी नहीं कर सकती।**

# आंखों में रक्त प्रवाह परिवर्तन से माइग्रेन रोगियों में दृश्यता हो सकती है प्रभावित

**नयी दिल्ली (भाषा)।** एक अध्ययन के अनुसार आंख की रेटिना में रक्त के प्रवाह में परिवर्तन से पता चल सकता है कि माइग्रेन के कुछ रोगियों को दृश्यता से संबंधित लक्षण क्यों अनुभव होते हैं। रेटिना अधिकांश कशेरुकी श्रेणी के और कुछ मोलस्का (स्थलीय अथवा जलीय) श्रेणी के प्राणियों की आंखों के ऊतकों की सबसे भीतरी, प्रकाश के प्रति संवेदनशील परत होती है। पत्रिका



'हेडेकः द जर्नल ऑफ हेड एंड फेस पेन' में यह अध्ययन प्रकाशित हुआ है। अध्ययन के निष्कर्ष के अनुसार माइग्रेन के रोगियों में इस अवलोकन का उपयोग चिकित्सक इस स्थिति के नैदानिक उपचार में सहायता के लिए कर सकते हैं। माइग्रेन के रोगियों को अक्सर आंखों के आसपास दर्द, प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता और दृश्यता संबंधी धुंधलापन जैसे लक्षणों का अनुभव होता है। इन लक्षणों के लिए क्या तंत्र जिम्मेदार है इसे अब तक अच्छी तरह से समझा नहीं गया है।

अमेरिका में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस एंजेल्स के अनुसंधानकर्ताओं ने माइग्रेन के लक्षण उभरने के दौरान और बीच में माइग्रेन के रोगियों की रेटिना रक्त वाहिकाओं में परिवर्तन को देखने के लिए एक 'नॉन-इनवेसिव इमेजिंग' तकनीक का उपयोग किया जिसे ऑप्टिकल सुसंगत टोमोग्राफी एंजियोग्राफी या ओसीटीए के रूप में जाना जाता है। ये प्रयोग औरा (कुछ कुछ समय के अंतराल पर दिखने वाले) लक्षणों वाले 37 माइग्रेन रोगियों, गैर 'औरा' लक्षणों वाले 30 माइग्रेन रोगियों और 20 स्वस्थ रोगियों पर किया गया था। अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि 'औरा' लक्षणों वाले और गैर 'औरा' लक्षणों वाले दोनों माइग्रेन रोगियों के लिए माइग्रेन के लक्षण उभरने के दौरान रेटिना में रक्त का प्रवाह कम हो जाता है।

# श्रीराम के जन्म से शुरू हुई थी नेग लेने की परंपरा

**अयोध्या (आईएएनएस)।** 500 वर्षों के पराभव काल के बाद अब प्रभु श्रीराम के त्रेतायुगीन उसी वैभव को कलियुग में एक बार फिर साकार होता देख किन्नर समाज उल्लास से भर उठा है। अयोध्या का किन्नर समाज पुलकित होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गोरक्षपीठाधीश्वर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दुआएं दे रहा है। ये वही किन्नर समाज है, जो रामलला के जन्म पर बधाई गाकर नेग स्वीकार करने के चलन को प्रचलन में लाया। ये वही समाज है जब वन को निर्वासित जनप्रिय युवराज राम से मिलकर उनके आदेश पर चरण पादुका को सिर पर सुशोभित करते हुए भरत नंदीग्राम के लिए अयोध्या की सकल नर-नारी रूपी जनमानस के साथ प्रस्थान कर गए थे, लेकिन, वहीं तमसा नदी के किनारे 14 वर्ष समाज से दूर रहकर किन्नर वनवास की अवधि के दौरान निरंतर राम राजा के यशोगान के निमित्त साधना आराधना में लीन रहे। गद्दीपति व अयोध्या जिले की किन्नर समाज की अध्यक्ष पिंकी मिश्रा ने बताया कि किन्नरों ने श्रीराम को गोद में लिया, ढोलक-मजीरा बजाकर बधाई गाई, बलैयां लीं और उस नेग को स्वीकार किया जिसे राजा दशरथ के लाख अनुरोध के बाद भी कोई नहीं स्वीकार कर रहा था। वहीं, जब वनवास से राम जी लौटकर आए तो किन्नरों ने बताया कि प्रभु हमने अयोध्या से दूर रहकर आपका इंतजार करते हुए साधना-आराधना और यशोगान किया। प्रभु श्रीराम ने उनके इस अप्रतिम समर्पण को शीश झुकाकर प्रणाम किया और आशीर्वाद दिया कि जिस भी घर में दो से तीन प्राणी होंगे, मांगलिक कार्य होगा तो आप उनको बधाइयां व आशीर्वाद देंगे तथा बदले में नेग लेंगे। तब से यह परंपरा आज के दिन तक निरंतर कायम है।



# करीना कपूर के '3 इडियट्स' सीन को निक्की शर्मा ने किया रीक्रिएट

**मुंबई (आईएएनएस)। शो 'प्यार का पहला अध्याय शिवशक्ति' में मुख्य भूमिका में नजर आने वाली एक्ट्रेस निक्की शर्मा ने हाई-ऑक्टेन स्टंट सीक्वेंस में लहंगा पहनकर स्कूटी चलाई, ठीक वैसे ही जैसे करीना कपूर खान ने '3 इडियट्स' में स्कूटी सीन शूट किया था। इस स्टंट सीक्वेंस के लिए उन्होंने मदद के बिना अकेले चलती बस की खिड़की को पकड़ रखा था। निक्की ने कहा, यह पहली बार है, जब मैंने अपनी जिंदगी में स्कूटी चलाई, और मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे विशेष रूप से एक शो के लिए इसे सीखने की जरुरत पड़ेगी।**



# ससुर पर था नीतू कपूर का सीक्रेट क्रश

**मुंबई (आईएएनएस)। दिग्गज एक्ट्रेस जीनत अमान और नीतू कपूर 'कॉफी विद करण' के अपकमिंग एपिसोड में पार्टी और अपने सीक्रेट क्रश के बारे में बात करती नजर आएंगी। वे पुरानी यादों से भरे खुलासे करती हैं और बॉलीवुड की अनकही कहानियों पर चर्चा करती हैं। शो में जीनत ने खुलासा किया कि वह पार्टी नहीं करती हैं। करण जौहर ने जीनत से उनकी डेटिंग लाइफ के बारे पूछा, इस पर एक्ट्रेस ने कहा, नो कमेंट्स। करण जौहर ने नीतू कपूर से उनके सीक्रेट क्रश के बारे में पूछा तो एक्ट्रेस ने शशि कपूर का नाम लिया। हैरान होकर करण जौहर ने कहा, 'आपका अपने अंकल पर क्रश था?' बता दें कि शशि कपूर ऋषि कपूर के चाचा थे। इस रिश्ते से शशि, नीतू के चचिया ससुर लगते हैं।**



# खेसारीलाल की फिल्म रिश्ते की शूटिंग शुरू

**मुंबई (वार्ता)।** भोजपुरी फिल्मों के सुपर स्टार खेसारीलाल यादव और अभिनेत्री रति पांडेय की फिल्म रिश्ते की शूटिंग शुरू हो गयी है। फिल्म रिश्ते का निर्माण एस आर के म्यूजिक प्रा. लि. कर रही है, जिसकी निर्माता शर्मिला आर सिंह हैं। इस फिल्म के निर्देशक प्रेमांशु हैं। खेसारीलाल यादव ने कहा कि फिल्म रिश्ते आम जनता की कहानी पर बनने वाली अब तक की सबसे मजेदार फिल्म होगी।फिल्म की कहानी दर्शकों के दिल को छूने वाली है और हम सभी इस फिल्म को बिग स्केल पर लेकर आने वाले है।



# सदियों से इन्सान के सहयोगी हैं कुत्ते

**अब संरक्षण में भी कर रहे सहायता**




**सनशाइन कोस्ट (ऑस्ट्रेलिया) (द कन्वरसेशन)। कुत्ते सदियों से इन्सानों के साथ काम करते आ रहे हैं। शिकार करने वाले कुत्ते, चरवाहे कुत्ते, पुलिस कुत्ते या खोजी और बचाव कुत्तों के बारे में सोचें। लेकिन क्या आपने संरक्षक कुत्तों के बारे में सुना है? संरक्षण करने वाले कुत्ते मुख्य रूप से दो श्रेणियों में आते हैं : संरक्षक कुत्ते और खोजी कुत्ते (जिन्हें गंध, खोजी या डिटेक्टर कुत्ते भी कहा जाता है)। संरक्षक कुत्ते कमजोर प्रजातियों की शिकारियों से रक्षा करते हैं, जबकि खोजी कुत्ते घ्राण की अपनी शक्तिशाली क्षमता का उपयोग करके संबद्ध लक्ष्यों का पता लगाते हैं। पिछले 15 वर्षों में, कुत्तों ने दुनिया भर में संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी शुरू कर दी है। आइये उनकी खूबियों के बारे में जानें :**

### जानकार नाक

संरक्षक कुत्तों को 2015 की फिल्म ऑडबॉल से प्रसिद्धि मिली थी। यह फिल्म मारेम्मा कुत्तों की सच्ची कहानी पर आधारित है, जिन्हें दक्षिण-पश्चिम विक्टोरिया में वारनमबूल के पास मध्य द्वीप पर छोटे पेंगुइन को लोमड़ियों से बचाने के लिए प्रशिक्षित किया गया था। मारेम्मा कुत्तों के संरक्षण के काम में लगने से पहले पेंगुइन की आबादी घटकर दस से भी कम रह गई थी। इस नस्ल को यूरोप में भेड़ों की रखवाली के साथ लंबे समय से जुड़े रहने के कारण चुना गया था। कुत्ते गंध से किसी भी चीज़ का पता लगा सकते हैं - और हर चीज़ में एक गंध होती है। खोजी कुत्तों को लक्ष्य की गंध का पता लगाने और उसे अपने मानव सहकर्मी (हैंडलर के रूप में संदर्भित) को इंगित करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। खोजी कुत्तों को विभिन्न अभियानों के लिए प्रशिक्षित किया जाता है जैसेः दुर्लभ और लुप्तप्राय प्रजातियों को ढूंढना

- उन्मूलन या रोकथाम के दौरान लाल चींटियों या सांपों जैसे आक्रामक जानवरों का पता लगाना
- कीट पौधों का पता लगाना
- मल, मूत्र, उल्टी, घोंसलों, शवों और यहां तक कि बीमारियों का पता लगाकर वन्यजीव सर्वेक्षण का समर्थन करना।

उन्होंने ज़मीन (उप-अंटार्कटिक द्वीपों सहित) और समुद्र में विषम परिस्थितियों में काम किया है, और यहां तक कि भूमिगत गंध का भी पता लगा सकते हैं। खोजी कुत्तों को बाघ जैसे अलग-अलग जानवरों को गंध से पहचानने का भी प्रशिक्षण दिया जाता है।



### परम गंध का पता लगाने में सक्षम

अनुमान है कि एक कुत्ते की नाक मानव नाक की तुलना में 100,000 से 10 करोड़ गुना अधिक संवेदनशील होती है (कुत्ते की नस्ल के आधार पर)। कुत्ते के मस्तिष्क का एक बड़ा हिस्सा (सात से 40 गुना बड़ा) गंध को डिकोड करने के लिए समर्पित होता है। इसका मतलब है कि कुत्ते बहुत कम गंध सांद्रता का पता लगा सकते हैं - 50 लाख लीटर पानी (या दो ओलंपिक आकार के स्विमिंग पूल) में एक चम्मच चीनी के बराबर। वे बहुत समान गंधों के बीच भी अंतर कर सकते हैं। कुत्ते अपनी प्रत्येक नासिका से स्वतंत्र रूप से हवा का विश्लेषण करते हैं, और गंध की सघनता में छोटे-छोटे बदलावों का पता लगाते हैं।

### सही काम के लिए सही उम्मीदवार ढूंढना

कुछ संगठन अपने कुत्तों को बचाते हैं। वे खिलौनों के प्रति जुनूनी किस्म के कुत्तों की तलाश करते हैं - वे कुत्ते जो कभी खेलना बंद नहीं करते। कई मामलों में इन कुत्तों को इसी कारण से छोड़ दिया गया था। उन्हें निरंतर मनोरंजन की आवश्यकता होती है और सामान्य पारिवारिक सेटिंग में उनकी देखभाल करना मुश्किल हो जाता है, जहां लोगों को काम के लिए बाहर जाना पड़ता है और अपने कुत्ते के मनोरंजन के अलावा अन्य गतिविधियों में समय देना पड़ता है। एक खोजी कुत्ता सप्ताह के लगभग हर दिन अपने संचालकों के साथ रहता है। उस काम में बहुत सारे खेल के साथ लंबी सैर शामिल है। प्रशिक्षक खिलौनों का उपयोग करते हैं और पुरस्कार के रूप में खेलते हैं, इसलिए कुत्ते इस पुरस्कार को लक्ष्य गंध के साथ जोड़ना सीखते हैं।

**संरक्षण कुत्तों के लिए शीर्ष काम**

- **दुनिया भर में संरक्षण में काम करने वाले कुत्ते क्या कर सकते हैं: ओर्का मल का पता लगाना**
- **विश्व धरोहर-सूचीबद्ध द्वीपों और अंटार्कटिका का संरक्षण**
- **वन्यजीव खोज और बचाव**
- **अभिभावकों के रूप में कार्य करना**
- **लाल चींटियों का पता लगाना**
- **भूमि या जल पर खरपतवार उन्मूलन में अग्रणी**
- **पवन फार्मों की निगरानी**
- **पर्यावरण मूल्यांकन का समर्थन करना**
- **तस्मानियाई डैविलों को साथी ढूंढने में मदद करना**
- **बीमारियों का पता लगाना।**

**ये कुछ ऐसे काम हैं, जिन्हें करके कुत्ते जैव विविधता की रक्षा के लिए हमारी लड़ाई में बदलाव ला रहे हैं। लेकिन हमने उनकी क्षमता का अभी कम ही फायदा उठाया है!**

# मार्गोट रॉबी ने बार्बी के अवतार में बिखेरे जलवे

**न्यूयॉर्क (एपी)।** गोल्डन ग्लोब फैशन समारोह में हॉलीवुड अभिनेताओं ने रेड कार्पेट पर जलवे बिखरे। टेलर स्विफ्ट हरे रंग के खूबसूरत परिधान में सबसे अलग नजर आई। इसके अलावा मार्गोट रॉबी बार्बी के अवतार में रेड कार्पेट पर उतरीं, जिसे देखकर सभी की निगाहें उन पर ही टिक गई। कोलमैन डोमिंगो समारोह में पिन से सजे नेहरू टक्सीडो में नजर आये और उन्होंने 'रस्टिन' फिल्म में जिस व्यक्ति का किरदार निभाया था उन्हें सम्मानित किया। 'किलर्स ऑफ द फ्लावर मून' की अभिनेत्री लिली ग्लैडस्टोन काले रंग का ओवरकोट पहने नजर आईं।नये-नये फैशन आजमाने वाले टिमोथी चालमेट काले रंग की पैंट, कम बटन वाली काली कमीज पर चमकदार काली जैकेट पहने दिखे।

इस समारोह में 'बार्बी' फिल्म की निर्माता और इसकी अभिनेत्री रॉबी का परिधान सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। वह गुलाबी रंग के अरमानी गाउन के साथ बार्बी के अवतार में नजर आई, जो कि 1977 की सुपरस्टार बार्बी पर आधारित था। इसके साथ ही गोल्डन ग्लोब अवाड्र्स 2024 का आगाज हो चुका है और विजेताओं की सूची जारी कर दी गई है। क्रिस्टोफर नोलन को 'ओपेनहाइमर' के लिए सर्वश्रेष्ठ निदेशक का पुरस्कार मिला। 'द होल्डओवर्स' फिल्म के लिये डेविन जॉय रैंडोल्फ को सर्वश्रेष्ठ सहयोगी अभिनेत्री और इसी श्रेणी में 'ओपेनहाइमर' के लिए रॉबर्ट डाउनी जूनियर को सहयोगी सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार मिला। 'द बॉय एंड द हेरॉन' को सर्वश्रेष्ठ एनिमेटेड फिल्म, 'एनाटॉमी ऑफ ए फॉल' को सर्वश्रेष्ठ मोशन पिक्चर (गैर-अंग्रेजी) और इसी फिल्म के खातिर जस्टिन ट्राइट, आर्थर हरारी को सर्वश्रेष्ठ पटकथा के लिए पुरस्कार मिला।

**गोल्डन ग्लोब फैशन**



# अबकी बार 400 पार के संकल्प के साथ नरेन्द्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने का कार्य करेगा ओबीसी समाज : दिलीप पटेल

**जनपद स्तर पर चार बड़ी जातियों के आयोजित होंगे सम्मेलन, रोहनियां स्थित भाजपा कार्यालय में ओबीसी मोर्चा, काशी क्षेत्र की कार्यशाला हुई सम्पन्न**



प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। अबकी बार 400 पार के संकल्प के साथ नरेन्द्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने का कार्य ओबीसी समाज करेगा ,जिस तरीके से पिछले चुनाव में ओबीसी समाज मजबूती के साथ भारतीय जनता पार्टी के साथ खड़ा था उसी तरह 2024 के लोकसभा चुनाव में फिर और भी मजबूती के साथ खड़े होकर केंद्र में प्रचंड बहुमत की सरकार बनाने में अपनी भूमिका अदा करेगा उक्त बातें रोहनियां स्थित भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा, काशी क्षेत्र की कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कही। क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल ने 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर ओबीसी मोर्चा के आगामी अभियानों के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि मोर्चा के? संघटनात्मक ढांचे को एक सप्ताह में मजबूती के साथ खड़ा करना है कहा कि आगामी अभियानों में जनपद स्तर पर चार बड़ी जातियों के सामाजिक सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। कहा कि ओबीसी युवा संवाद कार्यक्रम और नमो ऐप कार्यशाला के माध्यम से ओबीसी समाज के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की नीतियों,योजनाओं और कार्यक्रमों को आम जनमानस के बीच ले जाने का कार्य ओबीसी मोर्चा द्वारा किया जाएगा उन्होंने कहा कि ओबीसी मोर्चा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मूल मंत्र "सबका साथ-सबका विकास सबका विश्वास और सबके प्रयास को चरितार्थ करेगा। कार्यशाला में प्रदेश की सोशल मीडिया प्रमुख प्रवीण कुशवाहा ने नमो ऐप व सोशल मीडिया पर विस्तृत प्रकाश डाला` अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा के क्षेत्र अध्यक्ष अश्विनी कुमार सिंह पटेल ने की। कार्यशाला में ओबीसी मोर्चा के क्षेत्र अध्यक्ष अश्वनी सिंह पटेल प्रदेश कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, प्रदेश के सह मीडिया प्रभारी विवेक यादव, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, विनय मौर्य, मोनू गुप्ता, दीपिका सिंह पटेल, आशीष पाल, अरविंद प्रजापति, शोभनाथ मौर्य, विजयराज यादव सहित सभी सोलह जिलों के जिला अध्यक्ष तथा क्षेत्रीय पदाधिकारी शामिल हुए।

## 'राम आएंगे' कार्यक्रम 10 जनवरी को

प्रखर कसया, कुशीनगर। श्रीराम विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में आमंत्रण हेतु विश्व हिंदू परिषद, संस्कार भारती व विचार परिवार द्वारा एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम 'राम आएंगे' नगर स्थित श्रीराम जानकी मठ मंदिर परिसर में बुधवार को दिन में दो बजे से आयोजित होगा जिसमें अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को श्रीराम विग्रह प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने के लिए अक्षत/तुलसी दल बितरित कर श्रद्धालुओं को आमन्त्रित किया जाएगा। उक्त जानकारी एक विज्ञप्ति के माध्यम से देते हुए संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष डा0 अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत प्रचारक सुभाष जी मुख्य अतिथि होंगे। जबकि सांकृतिक कार्यक्रम संस्कार भारती के कलाकारों के साथ सुप्रसिद्ध गायक अनीस सोनी के द्वारा किया जायेगा। श्रीराम विग्रह प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने से सम्बंधित कार्यक्रम की सभी तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। डा0 श्री सिन्हा ने विशिष्ट जनों और सभी राम भक्तों से भारी संख्या में 'राम आएंगे' कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

# एक दिवसीय रोजगार मेले का हुआ आयोजन निजी क्षेत्र की बारह कंपनियां हुई शामिल

प्रखर जखनियां (गाजीपुर)। जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वावधान में स्थानीय विकास खण्ड परिसर में मंगलवार को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया ।इस रोजगार मेला में निजी क्षेत्र की 12 कम्पनिया सम्मिलित हुई। जिला सेवायोजन अधिकारी विवेकानंद सिंह, ने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अंतर्गत 576 प्रतिभागियों में 213 प्रतिभागियों का विभिन्न पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से चयनित किया गया ।रोजगार मेले में प्रतिभाग के लिए अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 35 वर्ष एवं शैक्षणिक योग्यता हाई स्कूल, इंटरमीडिएट एवं स्नातक उत्तीर्ण थी। विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला संयोजक सुशील सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ के कार्यकाल में युवाओं को दक्ष बनाने काम किया जा रहा है। युवाओं का कौशल विकास होने से प्रदेश और देश में एक हुनरमंद पीढ़ी तैयार हो रही है ।खण्ड विकास अधिकारी अनुराग राय ने कहा कि सरकार प्रदेश व देश के युवा प्रतिभागियों को रोजगार के अधिकतम अवसर उपलब्ध कराने काम कर रही है ।अन्त में चयनित प्रतिभागियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। इस अवसर पर पीजी कॉलेज मलिकपुरा के प्राचार्य प्रोफेसर दिवाकर सिंह, डीपीएम दुर्गेश दुबे,एके राय, राजेश सिंह, प्रतीक गुप्ता, चन्द्रशेखर यादव, परवेज अंसारी, श्याम प्रकाश सिंह,संजय भारद्वाज, सुरेश यादव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे अध्यक्षता जिला संयोजन अधिकारी विवेकानंद सिंह एवं संचालन प्रकाश गुप्ता ने किया।

# प्रभु श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने जा रहे साधु संतो का काफिला पदयात्रा करते पहुंचा संतकबीरनगर, लोगों ने किया जोरदार स्वागत

प्रखर संतकबीरनगर। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश प्रदेश से रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। ऐसा ही नजरा आज जनपद संतकबीरनगर में देखने को मिला जहां पर असम गुवाहाटी से अयोध्या जा रही साधु संतों की टोली कल शाम संतकबीरनगर पहुंची। राम नाम के भाव में विभोर साधु संतों की टोली कि जानकारी जैसे ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोगों को हुई उन्हें साधु संतों को सदर भाव के साथ उनका स्वागत किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक राजीव नयन, श्रवण अग्रहरि, कैलाशपति रुंगटा, द्वारा माँ समय जी धर्मशाला में उनके ठहरने व भोजन की व्यवस्था की गई। सुबह माँ समय जी के आशीर्वाद के रूप



में उन्हें चुनरी भेंट कर सम्मान भी किया गया। साधु संतों ने माँ समय जी महारानी के दर्शन कर अपने टोली के साथ अयोध्या के लिए अपनी पदयात्रा प्रारंभ की। संघ के सेवा से भाव विभोर हुए साधु संतों ने कहा यह पहले से संतों की नगरी रही है आज जो हमें यहां पर लोगों से सेवा भाव मिला है उसके बारे में जितना कहा जाए उतना ही काम है। इस दौरान संघ के विभाग प्रचारक अजय, जिला प्रचारक राजीव नयन, सह जिला कार्यवाह सौरभ जयसवाल, सह शारीरिक प्रमुख अनिल, नगर अभियान प्रमुख रणधीर, जिला अभियान प्रमुख नित्यानंद, विश्व हिन्दू परिषद् जिलाध्यक्ष रविंद्र नाथ सिंह, कैलासपति रूंगटा, भाष्कर मणि त्रिपाठी, जिला प्रचार प्रमुख दिग्विजय नाथ के साथ संघ की टोली के लोगों की उपस्थिति रही।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व० देवनंदन दीक्षित के 76वीं पुण्यतिथि के अवसर पर काशी सेफ असोसिएशन द्वारा आयोजित काशी का सेफ (सीजन-2)



प्रखर चौबेपुर वाराणसी। प्रतियोगिता वाराणसी शेफ संगठन द्वारा आयोजित की गई 8 जनवरी 2024 को कौशल्या बैंक्विट लॉन-चौबेपुर में मुख्य अतिथि के रूप में श्री अम्ब्रीश सिंह भोला जी और श्री दया शंकर मिश्र (दयालु गुरु जी स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री) उपस्थित रहे, इस सीजन की सारी कमान शेफ रविकांत पाठक शेफ शिवम दिक्षित शेफ चन्दन शेफ अर्जुन शेफ विक्रमजीत शेफ राजेंद्र शेफ अमर, सिद्धार्थ जी, प्रवीण जी द्वारा संचालित की गई। यह प्रतियोगिता भव्य स्तर पर आयोजित हुई जिसमें वाराणसी से जुड़े खान पान पर संस्कृति को दिखाने का पूरा मौका प्रतिभागियों को मिला इसमें देश भर से खान पान से जुड़े लोग और प्रसिद्ध शेफ भी सम्मिलित हुए।

### योगी सरकार ने छह आईपीएस अफसरों का किया तबादला

प्रखर एजेंसी। उत्तर प्रदेश शासन ने मंगलवार को छह आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया जिसमें आगरा के कमिश्नर डॉ. प्रीतिंदर सिंह शामिल हैं। उनकी जगह गोरखपुर के आईजी रेंज जें रवींद्र गौड़ को आगरा का नया कमिश्नर बनाया गया है। प्रीतिंदर सिंह को डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। इसके अलावा प्रयागराज के आईजी रेंज प्रशांत कुमार द्वितीय को अभिसूचना मुख्यालय भेजा गया है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस आने के बाद प्रतीक्षारत चल रहे प्रेम कुमार गौतम को प्रयागराज का आईजी रेंज बनाया गया है। गौतमबुद्धनगर के अपर पुलिस आयुक्त सुरेश राव कुलकर्णी को गोरखपुर का आईजी रेंज बनाया गया है। कारागार विभाग में तैनात शिवहरि मीना को गौतमबुद्धनगर में अपर पुलिस आयुक्त बनाया गया है।

### कंटेनर ने बाइक सवार दंपती को मारी ठोकर पत्नी की मौके पर हुई दर्दनाक मौत



प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। गीड़ा थाना क्षेत्र के बोक्टा चौराहे के पास गोरखपुर जा रहे बाइक सवार दंपती को पीछे से आ रहे कंटेनर ने ठोकर मार दिया। ठोकर लगने से बाइक पर बैठी पत्नी की मौके पर मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। मंगलवार को दिन में 12 बजे के आसपास नगर पंचायत सहजनवां के वार्ड नं-4 निवासी गौरीशंकर कन्नौजिया अपनी पत्नी मंतीरा देवी उम्र 60 वर्ष को मोटरसाइकिल से लेकर गोरखपुर जा रहे थे। अभी वह गीडा थाना क्षेत्र के बोकटा चौराहे पर पहुंचे थे कि पीछे से आ रहे कंटेनर ने ठोकर मार दिया। ठोकर लगने से मोटरसाइकिल पर बैठी मन्तीरा देवी की मौके पर दर्दनाक मृत्यु हो गई। जबकि गौरीशंकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल हेलमेट पहने हुए थे। मौके पर पहुंची गीडा पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया और महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### पुनः हंगामे के बीच नहीं हो सका राशन की दुकान का चयन



प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। सहजनवां के ग्राम सभा कटया में तीसरी बार कोट के चयन में हंगामा होने के कारण नहीं हो पाया चयन गौरतलब है की पिछले कई महीनो से ग्रामीणों की मांग कोट के चयन के लिए हो रही थी पिछली दो बैठकों में हंगामा होने के कारण नहीं हो पाया था चयन, तीसरी बार 9 जनवरी का डेट दिया गया था, जिसमें दो आवेदक जगत नारायण विश्वकर्मा तथा अनुराधा सिंह थी, तहसीलदार द्वारा दोनों का डॉक्यूमेंट मांगा गया जिसमें जगत नारायण के पास ओरिजिनल मार्कशीट नहीं थी जिस पर तहसीलदार महोदय ने एक शपथ पत्र लिखवाया की एक सप्ताह के अंदर अपनी ओरिजिनल मार्कशीट दिखा दें अन्यथा उनके आवेदन को निरस्त कर दिया जाएगा, इसी के बीच जगत नारायण ने आवेदक को बदलने के लिए तहसीलदार महोदय से अनुमति मांगी जिस पर तहसीलदार के द्वारा मना कर दिया गया! इसी बीच जोर का हंगामा होने के कारण तहसीलदार महोदय ने अगले दिन का चयन होने का डेट रखा!

# सनबीम वोमेन्स कॉलेज वरुणा में मैराथन महिला साईकिल टीम का भव्य स्वागत, छात्राओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनी मैराथन महिला टीम

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। सनबीम वोमेन्स कालेज, वरुणा के प्रांगण में मैराथन महिला साईकिल टीम का भव्य स्वागत किया गया जो वास्तव में नारी सशक्ति का उत्कृष्ट उदाहरण हैं इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेन्ट कमाण्डर राहुल मिश्रा,कर्नल अंजन सेन गुप्ता,ब्रिगेडियर कुलवीर सिंह, सनबीम समूह के आनरेरी डायरेक्टर हर्ष मधोब उपस्थित रहें। कार्यक्रम का शुभारम्भ महिला टीम के भव्य स्वागत के साथ प्रारम्भ हुआ इनके आगमन की खुशी में महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा बैण्ड प्रस्तुति दी गयी जिसने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया यह मैराथन टीम पॉच राज्यों से होती हुई सुल्तानपुर से बनारस आयी जिसका 26 जनवरी को दिल्ली में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया जायेगा` यह देश के लिए अत्यन्त गर्व की बात है जहॉ नारी अपनी प्रतिभा को सशक्ति के साथ प्रस्तुत कर रही है। महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी डॉ0 शालिनी सिंह ने इनका भव्य स्वागत करते हुए कहा कि आप नारी शक्ति की मिशाल हैं जो यह प्रमाणित करती है कि आज की नारी सब कुछ करने में सक्षम हैं` ब्रिग्रेडियर कुलवीर सिंह एवं लेफ्टिनेंट कर्नल रविन्द्र ने मैराथन महिला टीम के हौसले को सलाम करते हुए ऐसे ही आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया एवं झण्डा दिखाकर उन्हें आगे के लिए रवाना किया। महाविद्यालय के प्राचार्य



डॉ0 राजीव सिंह ने महिला मैराथन टीम का आभार व्यक्त करते हुए यह बताने का प्रयास किया कि भारत की बेटियों के अब सार्थक कदम हर क्षेत्र में बढ़ रहें हैं वे अपने दम पर अपनी पहचान बनाने में समर्थ हो चुकी हैं, कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# किराने की दुकान में अवैध गैस रिफिलिंग से लगी आग, दो की मौत

प्रखर वाराणसी। आदमपुर थाना इलाके के कोयला बाजार क्षेत्र में मंगलवार को किराने की दुकान में अवैध गैस रिफिलिंग से सिलेंडर में ब्लास्ट होने की वजह से आग लग गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड को बुलाया गया, तब जाकर आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार कोयला बाजार इलाके में दो मंजिला मकान के ग्राउंड फ्लोर स्थित किराने की दुकान पर हसनपुर निवासी रिजवान अहमद 20 वर्ष और फैजान 18 वर्ष काम करते थे। स्थानीय लोगों की माने तो दोनों किराने की दुकान की पिछले हिस्से में घरेलू गैस सिलेंडर को भरने का काम भी किया करते थे। मंगलवार को शटर बंद कर गैस रिफलिंग का कार्य कर रहे थे। बड़े सिलेंडर से छोटे सिलेंडर में गैस भरने के दौरान गैस लीकेज हुई और अंदर शर्त सर्किट से आग लग गई। दुकान के अंदर धमाके के साथ आग में विकराल रूप ले लिया। दुकान में मौजूद दोनों युवक रिजवान और फैजान ने पहले आग



बुझाने की कोशिश की। लेकिन जब दुकान का सटर नहीं खुला तो उसी में फंसकर जिंदा जल गए। आपकी लपटे देखकर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद फायर ब्रिगेड पहुंची और किसी तरह आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड कर्मी शटर को तोड़कर अंदर पहुंचे तब तक दोनों जल चुके थे। दोनों को एंबुलेंस से कबीर चौराहा हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वही पुलिस का कहना है कि आग शार्ट सर्किट की वजह से लगी थी। दुकान में अवैध रूप से गैस सिलेंडर भरने का काम होता था। इसमें काम करने वाले दो लोगों की दम घुटने और जलने से मौत हो गई।

# सुधाकर महिला कालेज में उत्तिष्ठ भारत कार्यक्रम का आयोजन




प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। पाण्डेयपुर स्थित सुधाकर महिला कालेज में सेवाज्ञ संस्थानम् के तत्वाधान में उतिष्ठ भारत नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे विद्वान वक्ता आचार्य मिथिलेशनंदनी शरण ,पीठाधीश्वर श्री हनुमन्ननिवास सिद्ध पीठ, अयोध्या की गरिमामय उपस्थित रही ,जिसमें आचार्य जी ने छात्राओं के अध्ययन और कैरियर में उत्पन्न समस्या एवं उसके समाधान के बारे में बताया और कहा कि सेवाज्ञ का अर्थ होता है सेवा को जानने वाला सेवाज्ञ है इसलिए अपने अध्ययन व कैरियर में सेवाज्ञ को आत्मसात करें जिससे एकाग्रचित होकर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० प्रभु नारायण दूबे ने विद्वान वक्ता का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से छात्राओं का उत्तरोत्तर विकास होगा और कहा कि आचार्य जी जहाँ भी रहेंगे मनसा स्वागत, मन से स्वागत और वंदन करते रहेंगे। शिक्षाविद और समन्वयक डॉ० अशोक कुमार पाण्डेय ने कहा कि छात्राओं के अध्ययन व कैरियर के साथ-साथ व्यक्तिगत विकास भी होगा` आचार्य जी का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर पुष्प वर्षा द्वारा व माल्यार्पण द्वारा किया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलन कर-के कार्यक्रम की शुरूआत की गयी ,संस्थापक महोदय पं. जयनारायण दूबे,संस्थापिका शांति दूबे, माँ सरस्वती को माल्यार्पण व पुष्पांजली अर्पित की गयी इस अवसर पर सेवाज्ञ संस्थानम् की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष अशीष जी, राष्ट्रीय महासचिव डॉ.लोकश चन्द्र, महानगर संयोजक भावेश उपाध्याय और अयोध्या महन्त श्री अवनीत कुमार दास जी उपस्थित रहे जबकि महाविद्यालय की ओर से समस्त शिक्षक व शिक्षिकाए एवं छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संयोजन डॉ० श्याम सुन्दर मिश्रा और डॉ. राजकुमार श्रीवास्तव ने किया` कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. सरोज सिंह ने किया।

# जोंगल प्लेट चोरी कर भाग रहे दो को रेलवे पुलिस ने दबोचा

प्रखर खेतासराय जौनपुर। आरपीएफ पुलिस ने वाराणसी-अयोध्या रेलवे प्रखण्ड के मजडीहा रेलवे ट्रैक के पास ऑटो में भरकर जोंगल प्लेट ले जा रहे दो चोर को दबोच लिया । दो अँधेर का फायदा उठाकर भाग खड़े हुए । गिरफ्तार युवकों के निशानदेही पर गुरैनी बाजार के एक कबाड़ी के दुकान से भी प्लेट बरामद हुई । कुल 17 जोंगल प्लेट पुलिस के हत्थे आई । दोनो आरोपित का सोमवार पुलिस ने चालान न्यायालय भेज दिया ।

आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार दिवाकर मय हमराह टीम के साथ रविवार की रात्रि पेट्रोलिंग पर थे । मजडीहा रेलवे लाइन स्तिथ बाबा ढाबा के पास रात्रि एक बजे 857/17 किमी पोल के निकट एक ऑटो खड़ा मिला । पुलिस के अनुसार मामला संदिग्ध लगा तो टीम ने लाइट जलाया तो वे भागने लगे । पुलिस ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया । उनकी पहचान क्रमशः सूरज यादव पुत्र राम प्रताप यादव, कमल बहादुर यादव पुत्र मनमोहन यादव निवासी मनेछा थाना खेतासराय के रूप में हुई । तलाशी में उनके वाहन से 14 जोंगल प्लेट बरामद हुई । दो अन्य साथी अँधेरे का लाभ उठाकर खिसक लिए । पूछताछ में उनकी निशानदेही पर गुरैनी बाजार स्तिथ एक कबाड़ी के दुकान से तीन जोंगल प्लेट बरामद हुई ।

गिरफ्तार आरोपितों ने फरार अपने साथियों का नाम पुलिस को बताया । जनका नाम सुनील यादव तथा राणा प्रताप है, जो उसी गांव के निवासी है । दोनों आरोपितों का रेलवे पुलिस ने चालान न्यायालय भेज दिया ।

गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक आरपीएफ सुनील कुमार दिवाकर, सहायक उपनिरीक्षक रमेश यादव, कांस्टेबल रमेश यादव, अरुण यादव, जनार्दन समेत अन्य पुलिस के जवान शामिल रहे ।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होंगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं